गुरुवार
05 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज





राज्य के चार जिलों में जल्द बनेंगे एयरपोर्ट: सीएम नीतीश कुमार 2




# भारत रत्न डॉ. राधाकृष्णन सम्मान समारोह आज

## केशव टाइम्स की ओर से हो रहा कार्यक्रम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले से संचालित डिजिटल अखबार केशव टाइम्स की ओर से गुरुवार को भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। डुमरांव के होटल आनंद विहार में इसका आयोजन शाम पांच बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देकर बच्चों का भविष्य गढ़ रहे शिक्षकों और शिक्षण संस्थान के प्रमुखों को सम्मानित किया जाएगा। केशव टाइम्स ग्रुप के सीईओ और पत्रकार अरविंद चौबे उर्फ चुन्नू चौबे ने बताया कि समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गुरुजनों को सम्मानित कर उनमें उत्साह का संचार करना है ताकि अपनी सेवा से शिक्षा का अलख जगाते रहें।

### कार्यक्रम में इन गुरुजनों का किया जाएगा सम्मान

1. डॉ. रमेश सिंह, निदेशक- संत जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डुमरांव
2. ब्रह्मा ठाकुर, निदेशक- राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल, डुमरांव
3. चिंटू कुमार पाठक , प्रधानाचार्य - डीएवी पब्लिक स्कूल, डुमरांव
4. टी एन चौबे, चेयरपर्सन - कैंब्रिज स्कूल, डुमरांव
5. अजय कुमार पांडेय, निदेशक - सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, डुमरांव
6. प्रदीप पाठक, निदेशक- हेरिटेज स्कूल, अहिरौली बक्सर
7. डॉ. रजनीश कुमार दुबे, निदेशक - द लिजेंड स्कूल, डुमरांव
8. जय प्रकाश सिंह, निदेशक - रेडिएंट पब्लिक स्कूल, बक्सर
9. प्रदीप राय, चेयरपर्सन - बिरला ओपेन माइंड्स स्कूल, बक्सर
10. डॉ. अभिषेक कुमार, निदेशक - एसओई, कॉमर्स क्लासेज, डुमरांव
11. डॉ. शोभा सिंह, प्राचार्य - सुमित्रा महिला कॉलेज, डुमरांव
12. राजीव कुमार पाठक, निदेशक - न्यू वुडस्टॉक स्कूल, डुमरांव
13. डॉ. अशफाक, प्रधानाचार्य - सीपीएसएस, प्लस टू स्कूल, डुमरांव
14. सचिंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य - महारानी उषारानी प्लस टू स्कूल डुमरांव
15. अनुराग कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य - राज हाई स्कूल, डुमरांव
16. डॉ. मनीष कुमार शशि, शिक्षक - प्लस टू उच्च विद्यालय, सिमरी
17. आरती केशरी, शिक्षिका - महारानी उषारानी बालिका मध्य विद्यालय, डुमरांव
18. चंदन मिश्र, निदेशक - अनंत विजयम स्कूल, डुमरांव
19. महान तिवारी, निदेशक - दी एसेंट स्कूल, डुमरांव
20. मिस्टर मनोज, निदेशक - यूआईइसीसी, डुमरांव
21. सन्नी वर्मा, निदेशक - फिजिक्स क्लासेस, डुमरांव
22. डॉ. आर राघवन, निदेशक - पाथ वे वर्ल्ड स्कूल, डुमरांव
23. डॉ. विजय कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यपक- एमपी हाईस्कूल, बक्सर
24. नंद कुमार सिंह, निदेशक - एमडीजे पब्लिक स्कूल, सोनवर्षा
25. अमरेंद्र राजेश, निदेशक - द अमेटी स्कूल, सोनवर्षा
26. मनोरंजन कुमार, निदेशक - अयानत कुशल युवा प्रशिक्षण केंद्र, डुमरांव
27. दीपक कुमार, निदेशक - ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, नावानगर
28. विनय कुमार, निदेशक - बचपन प्ले स्कूल, डुमरांव (बक्सर)
29. भवेश कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापक - उत्क्रमित उच्च विद्यालय छोटका सिंघनपुरा (बक्सर)
30. मोहित प्रधान, निदेशक - ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल, ढकाइच

# साल 2023 में पूर्वांचल का टॉप धार्मिक व टूरिस्ट डेस्टिनेशन रहा वाराणसी

- विंध्याचल दूसरी, अष्टभुजा धाम तीसरी, भदोही का सीतामढ़ी चौथी व सोनभद्र पर्यटकों की बना पांचवी पसंद
- 8,54,73,633 पर्यटकों का वर्ष 2023 में वाराणसी में हुआ आगमन, 22,26,310 पर्यटक पहुंचे सोनभद्र

**केटी न्यूज/वाराणसी**



योगी सरकारे ने काशी के कलेवर को बदलकर उसे विश्व में जो नई पहचान दिलाई है उसका लाभ वाराणसी समेत आसपास के अन्य जिलों को भी मिल रहा है। वाराणसी में आने वाले पर्यटक पड़ोसी जिलों के आध्यात्मिक, धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों को भी पसंद कर रहे हैं। वर्ष 2023 में पूर्वांचल का टॉप रिलीजियस व टूरिस्ट डेस्टिनेशने वाराणसी रहा। वहीं, दूसरे नंबर पर मिर्जापुर का विंध्याचल और तीसरे पायदान पर मिर्जापुर का ही अष्टभुजा मंदिर रहा। इसके अतिरिक्त, संत रविदास नगर (भदोही) में स्थित सीतामढ़ी चौथे नंबर पर और प्राकृतिक सौंदर्य से भरा सोनभद्र पांचवे स्थान पर रहा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बनारस और उसके आस-पास के जिलों की कनेक्टिविटी में इजाफा करने के साथ इन क्षेत्रों में पर्यटन विकास की विभिन्नय परियोजनाओं पर कार्य किया है जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और पर्यटक कम समय में ज्यादा से ज्यादा डेस्टिनेशन एक्सप्लोर कर रहे हैं।

### विकास के कार्यों ने बढ़ाया पर्यटकों का रुझान

पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि वाराणसी में हुए विकास के कार्यो, मूलभूत ढांचा में सुधार ,दूसरे शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी ,सुगमता और सुरक्षा ने पर्यटकों की संख्या बढ़ा दी है। वाराणसी के पडोसी जिलों के पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास के काम ने पर्यटकों का रुझान बढ़ाया है। वाराणसी के आस-पास 100 से 200 किलोमीटर की यात्रा पर्यटकों के लिए काफी आसान हो गई है। वाराणसी आने वाले पर्यटकों को संतरविदास नगर (भदोही ) ,मिजार्पुर ,सोनभद्र के धार्मिक स्थलों,जलप्रपात और प्राकृतिक सौंदर्य वाले स्थल खूब भा रहे हैं। **वर्ष 2023 में पांच डेस्टिनेशन में आए पर्यटक:** 1 - वाराणसी - 85473,633, 2 - विंध्याचल - 7297800, 3 -अष्टभुजा -4235770, 4 -सीतामढ़ी -2541080, 5 -सोनभद्र-2226310

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति से मिली सफलता

# त्रिपुरा में शांति समझौता

- भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, उग्रवादी संगठन एनएलएफटी और एटीटीएफ के प्रतिनिधियों ने त्रिपुरा शांति समझौते के ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर
- बोले गृहमंत्री- आज हम सबके लिए गर्व का विषय है कि 35 साल से जो संघर्ष चल रहा था वो खत्म हो गया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बुधवार को भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, उग्रवादी संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (NLFT) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ATTF) के प्रतिनिधियों ने त्रिपुरा शांति समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के बाद NLFT ने कहा कि हमने सरकार पर भरोसा किया है। इसलिए 30 साल का सशस्त्र संघर्ष समाप्त कर रहे हैं। हमने अपनी शर्तों को साझा किया है। हमें गृहमंत्री पर भरोसा है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने इस शांति समझौते के लिए गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस शांति समझौते के लिए गृहमंत्री सूत्रधार साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में उत्तर पूर्व में एक दर्जन से ज्यादा शांति समझौते हुए हैं जिसमें 3 समझौते त्रिपुरा के लिए हैं। त्रिपुरा का भविष्य उज्ज्वल है। हम पीएम मोदी का भी धन्यवाद देते हैं।

### समझौते से दोनों संगठनों के 328 लोग मुख्यधारा में आएंगे: शाह



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस समझौते से इन दोनों संगठनों के 328 लोग मुख्यधारा में आएंगे। 250 करोड़ का पैकेज त्रिपुरा के इस इलाके के लिए होगा। इस समझौते की हर बात का पालन किया जाएगा। आज हम सबके लिए गर्व का विषय है कि 35 साल से जो संघर्ष चल रहा था वो खत्म हो गया। यह सब शांति और संवाद के जरिए हो सका है। पीएम मोदी ने नार्थ ईस्ट से दिलों का फासला दूर किया है। अमित शाह ने कहा कि ये समझौता कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि दिलों का मेल है। बता दें कि त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं का स्थायी समाधान लाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी इसी साल मार्च माह के दौरान TIPRA मोथा, त्रिपुरा और केंद्र सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत त्रिपुरा के मूल निवासियों के इतिहास, भूमि, राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई थी। इस दौरान अमित शाह ने कहा था कि मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की सुरक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।

# आईएमए की अपील... न्याय सुप्रीम कोर्ट पर छोड़, काम पर लौटें डॉक्टर

**एजेंसी/नई दिल्ली**




कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर प्रदर्शन जारी है। इस बीच, भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के अध्यक्ष डॉक्टर आर.वी. असोकन ने बुधवार को सभी डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की। एक बयान में आईएमए प्रमुख ने कहा, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले ने देश की अंतररात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा, पूरे देश में इस बात को लेकर गम और गुस्सा है कि वह एक उभरती हुई डॉक्टर थीं और वह अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थीं। पूरे देश ने उसे अपनी बेटी मान लिया है।

देशभर में डॉक्टरों के विरोध का हवाला देते हुए डॉ. असोकन ने कहा कि मेडिकल समुदाय सही मायनों में गुस्से में है। उन्होंने कहा कि रेजीडेंट डॉक्टर गहरे गम और गुस्से के साथ सड़कों पर उतर आए और आईएमए ने आपातकालीन देखभाल को छोड़कर चौबीस घंटे मेडिकल सेवाएं रोकने का आह्वान किया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया और डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया है।

डॉ. असोकन ने कहा, कोर्ट ने डॉक्टरों से कहा कि हम पर भरोसा करें। स्वास्थ्य सेवाओं को नहीं रोकना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने अपनी बात रखी है। भारत के नागरिक के रूप में पूरे चिकित्सा समुदाय को कोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, रोगी देखभाल और सुरक्षा चिकित्सा पेशे की प्राथमिक चिंता है। आधुनिक चिकित्सा के सभी डॉक्टरों को न्याय सुप्रीम कोर्ट पर छोड़कर मरीजों की देखभाल के लिए लौटना चाहिए।




# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया निर्देश, चार जिलों में जल्द बनेंगे एयरपोर्ट

- तीनों हवाई अड्डों यथा- पटना, गया, दरभंगा के क्षमता का होगा विस्तार
- पूर्णिया, रक्सौल, राजगीर एवं भागलपुर में एयरपोर्ट चालू करने की योजना

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के सभी क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से वर्तमान में अवस्थित तीनों हवाई अड्डों यथा- पटना, गया, दरभंगा का क्षमता विस्तार के साथ-साथ राज्य में नए हवाई अड्डे यथा- पूर्णिया, रक्सौल, राजगीर एवं भागलपुर में एयरपोर्ट चालू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। बिहार सरकार की ओर से जानकारी दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट टर्मिनल के कार्य का निरीक्षण किया। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना एयरपोर्ट टर्मिनल के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत सरकार की ओर से सुरेश कुमार, चेयरमैन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया उपस्थित थे। सुरेश कुमार ने अवगत कराया कि 1400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे परियोजना का निर्माण कार्य अगले पांच माह के अन्दर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान हवाई अड्डे में 05 जहाजों के पार्किंग की व्यवस्था है, जिसे बढ़ाकर 11 किया जा रहा है। वर्तमान हवाई अड्डे की क्षमता 30 लाख यात्री प्रतिवर्ष है जिसे बढ़ाकर लगभग 01 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष किया जा रहा है। यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान के लिए विशेष पथ बनाए जा रहे हैं। देश के अन्य आधुनिक एयरपोर्ट की भांति पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने परियोजना के अंतर्गत बन रहे। पहुंच पथ आदि सभी हिस्सों का निरीक्षण करते हुये उत्कृष्ट गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करने का मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा कार्य में विलंब बर्दास्त नहीं होगा।

### राजगीर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए तैयारी शुरू

राज्य सरकार ने पूर्णिया हवाई अड्डे को चालू कराने के लिए 52 एकड़ जमीन की अर्जित वहीं, बिहार सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि पूर्णिया हवाई अड्डे को चालू कराने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन अर्जित कर ली है। 15 एकड़ जमीन का अर्जन किया जाना है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह अनुरोध किया गया कि इस जमीन का कब्जा लेकर शीघ्र ही आवश्यक संरचना निर्माण करके पूर्णिया हवाई अड्डे को चालू कराया जाये। इसमें राज्य सरकार की ओर से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह भी अनुरोध किया गया है कि राजगीर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा चिन्हित स्थल का फिजीबलीटी अध्ययन करा दिया जाये। रक्सौल के हवाई पट्टी के विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन की मांग की गई है।

## एक नजर

### एक्शन में आये डीजीपी, 14 आईपीएस का तबादला



**पटना।** बिहार में नए डीजीपी आलोक राज के पदभार संभालते ही एक्शन मोड में दिखने लगे हैं। इस बदलाव की शुरूआत राज्य के 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले से हुई है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी है। ट्रांसफर होने वाले 14 आईपीएस अधिकारियों में पांच आईजी, सात डीआईजी और दो एसपी शामिल हैं। कुछ अधिकारी वेटिंग में थे उन्हें अपराध पर नियंत्रण करने के लिए नयी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि अपराध पर अंकुश लग सके।इस सूची में तिरहुत क्षेत्र मुजफ्फरपुर में पुलिस महानिरीक्षक पद पर पदस्थापित 2006 बैच के शिवदीप वामन राव लांडे भी हैं, जिन्हें पूर्णिया की जिम्मेदारी दी गई है। कहा जाता है कि वह जिस क्षेत्र में जाते हैं वहां अपराधी क्षेत्र छोड़कर लापता हो जाते हैं। उनके अलावे पटना में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित 2002 बैच के राकेश राठी हैं, जिन्हें पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) पटना की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मैं पदस्थापित 2003 बैच के राजेश कुमार अब मिथिला क्षेत्र दरभंगा के पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में पुलिस महानिरीक्षक की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) में पदस्थापित 2004 बैच के विनय कुमार को पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय पटना की जिम्मेदारी मिली है। वह पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगे।

### अंचल कार्यालय में बिना पैसे का नहीं हो रहा कोई काम, परेशान होकर धरना पर बैठे लोग

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में जमीन के सर्वे का काम शुरू किया गया है। इस काम के लिए लोग अपने-अपने जमीन का पेपर दुरुस्त कराने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई काम नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि बिना पैसे के यहां कोई काम नहीं होता है। अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिसके खिलाफ आज समाहरणालय में लोग धरना पर बैठ गये और विरोध प्रदर्शन करने लगे। मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र में पड़ने वाला अंचल मुसहरी में ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार के लिए लगातार लोगों को कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है लेकिन बिचौलियों के आगे सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इतना ही नहीं स्थानीय लोगों की माने तो सर्वे सहित कोई ऐसा काम नहीं है जिसमें पैसे का खेल नहीं चल रहा है। जो गरीब किसान है उनकी कुछ नहीं सुनी जाती। सिर्फ दौड़ाया जाता है जिस कारण सैकड़ों महिलाओं और बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं ने मुजफ्फरपुर जिले के डीएम ऑफिस के ठीक सामने समाहरणालय में धरना पर बैठ गये। धरना पर बैठे लोगों ने कई गंभीर आरोप अंचल कर्मियों पर लगाये। कहा कि अंचल और प्रखंड कार्यालय में नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी कर्मी बिचौलियों के चंगुल में हैं और उसी से उगाही कराते हैं। बिचौलियों से आमलोग काफी परेशान हैं। बिना पैसे के अंचल कार्यालय में कोई काम नहीं होता है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल कहते हैं गड़बड़ी करने वालों और भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों की सूचना हमें दें उसे हम टंगवा लेंगे। लेकिन उनके इस बयान का भी कोई असर अंचल के कर्मचारियों और पदाधिकारी पर नहीं पड़ रहा है। यहां की जमीनी हकीकत कुछ और ही है अंचल कार्यालय राम भरोसे चल रहा है इसे देखने वाला कोई नहीं है। इस कारण से परेशान सभी लोग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। अभी बिहार में जमीन सर्वे का काम हो रहा है इसे लेकर भी लोग परेशान हैं। जब अंचल कार्यालय में कोई काम नहीं हुआ तब लोग धरना पर बैठ गये और प्रदर्शन करने लगे। लोगों का कहना है कि बिना चढ़ावा दिये अंचल कार्यालय में कोई काम नहीं होता है। जो अमीर लोग हैं वो तो पैसा देकर अपना काम करवा ले रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### फाइलेरिया की दवा खाने से सात स्कूली छात्राएं बीमार

**मुंगेर।** मुंगेर के असरगंज प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय हाथीनाथ में फाइलेरिया की दवा खाने से सात छात्राएं बीमार हो गईं। सभी बच्चों को पेट दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद शिक्षक असरगंज स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल तारापुर रेफर कर दिया। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया मुक्त बिहार बनाने को लेकर दवा वितरण किया जा रहा है। जिले के हर विद्यालय में बच्चों को दवा की खुराक दी जा रही है।छात्रा सोफी परवीन ने बताया कि आज स्कूल में दवा खिलाई गई थी। दवा खाने के आधे घंटे बाद तबीयत खराब होने लगी। इसके लिए हम लोगों को यहां लाया गया है। वहीं, प्रधानाध्यापिका सुमिता देवी ने बताया कि आज 276 बच्चों को कृमि की दवा अल्बेंडाजोल खिलाई गई थी। उसके बाद सात बच्चों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत से हम लोगों ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। उसके बाद सभी बच्चों को असरगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से रेफर कर तारापुर अस्पताल भेजा गया है।

### 56 लाख रुपये धान की खरीद का आरोपी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** छौड़ादानो प्रखंड क्षेत्र के कुदरकट पैक्स में धान गबन की दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने पैक्स सचिव राजकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम छापामारी कर रही है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में छौड़ादानो के कुदरकट पैक्स अध्यक्ष और अन्य पर धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि फर्जी कागजी खरीद पर सरकारी 56 लाख के गबन की दर्ज प्राथमिकी में कुदरकट पैक्स के सचिव को गिरफ्तार किया गया है। बाकी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने का प्रयास कर रही है।

### नियोजित और बीपीएससी शिक्षकों को लेकर शिक्षा विभाग ने जारी किया नियम

# सरकार ने दिया झटका, बीपीएससी टीचर के जूनियर बना दिये गये नियोजित शिक्षक

- दशक से काम कर रहे नियोजित शिक्षक बीपीएससी से एक साल पहले नियुक्त हुए शिक्षकों से जूनियर माने जायेंगे

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग ने नियोजित शिक्षकों को बीपीएससी टीचर से जूनियर बना दिया। बिहार सरकार ने दशकों से काम कर रहे नियोजित शिक्षकों को नवनियुक्ति बीपीएससी टीचर्स से जूनियर बना दिया है। नियोजित शिक्षकों और बीपीएससी शिक्षकों को लेकर बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक अब सूबे के हजारों स्कूलों में कई सालों से काम कर रहे नियोजित शिक्षकों को बीपीएससी से नये नियुक्त हुए शिक्षकों के अधीन काम करना होगा। शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला शिक्षा सचिव सह माध्यमिक शिक्षा निदेशक बैद्यनाथ यादव ने आज सारे जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। इस पत्र में बिहार के सरकारी स्कूलों में प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त करने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग ने जो दिशा निर्देश जारी किया है, उसमें एक तरह से स्पष्ट कर दिया गया है कि कई दशक से काम कर रहे नियोजित शिक्षक बीपीएससी से एक साल पहले नियुक्त हुए शिक्षकों से जूनियर माने जायेंगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने पर सरकार का फरमान दरअसल बिहार में करीब 70 हजार सरकारी स्कूल हैं। सरकारी स्कूलों में स्थायी हेडमास्टर के पद पर नियुक्ति नहीं होने के कारण ज्यादातर स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक के सहारे चलाये जा रहे हैं।



### नियोजित शिक्षकों को प्रभारी हेडमास्टर पद का नहीं

सरकार के इस पत्र में सबसे खास बात ये है कि नियोजित शिक्षकों को हेडमास्टर का प्रभार नहीं सौंपना है। दरअसल बिहार के हजारों ऐसे स्कूल हैं जहां पुराने वेतनमान वाले शिक्षक नहीं हैं। ऐसे में प्रभारी हेडमास्टर का जिम्मा किसे दिया जायेगा। शिक्षा सचिव सह माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने अपने पत्र में साफ किया है कि वहां नियोजित शिक्षकों को प्रभारी हेडमास्टर नहीं बनाया जायेगा। अगर उस स्कूल में बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक पदस्थापित हैं तो उन्हें ही प्रभारी हेडमास्टर बनाया जायेगा। शिक्षा विभाग के पत्र के मुताबिक नियोजित शिक्षक को तभी प्रभारी हेडमास्टर का चार्ज दिया जा सकता है जब उस स्कूल में पुराने वेतन वाले शिक्षक या बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक पदस्थापित नहीं हो।

### इस नियम से हजारों प्रभारी हेडमास्टर हटेंगे

पटना। सूबे में ऐसे हजारों स्कूल हैं, जहां नियोजित शिक्षक प्रभारी हेडमास्टर का काम देख रहे हैं। शिक्षा विभाग के पत्र के बाद उन्हें प्रभारी हेडमास्टर के पद से मुक्त कर दिया जायेगा। लगभग दो दशक से स्कूल में पढ़ा रहे नियोजित शिक्षकों को करीब एक साल पहले नियुक्त बीपीएससी के अधीन काम करना पड़ेगा। विभाग ने अपने नये पत्र में ये बताया है कि किन शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त करना है। पुराने वेतनमान वाले को बनाये प्रभारी शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी स्कूल में स्थायी हेडमास्टर नहीं है तो वहां हेडमास्टर का प्रभार पुराने वेतनमान वाले शिक्षक को सौंपना है। उस स्कूल में पुराने वेतनमान वाले शिक्षकों से जो सीनियर हो उसे प्रभारी प्रधानाध्यक का जिम्मा सौंप देना है। बिहार में अब शायद ही कोई ऐसा स्कूल है जहां बीपीएससी शिक्षकों की पोस्टिंग नहीं हुई हो। विदित हो कि प्रभार को लेकर पूर्व में शिक्षकों के बीच कई बार विवाद भी चुका है। कई आवेदन वरीय पदाधिकारियों के पास भी लंबित है। अब देखना है इस नियम का पालन होता है।

### अपहरण मामले में फाइनेंस कंपनी के दो एजेंट गिरफ्तार

**मधेपुरा।** मधेपुरा पुलिस ने अपहरण के मामले में फाइनेंस कंपनी के दो रिवकरी एजेंट को गिरफ्तार किया है। साथ ही अपहत युवक को भी सकुशल बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बुधवार को सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि तीन सितंबर की शाम को घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के रामनगर वार्ड-13 निवासी परमेश्वरी शर्मा ने सदर थाने में एक लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया कि उनके बेटे हीरालाल कुमार का अपराधियों ने अपहरण कर लिया है। उसे छोड़ने के लिए उनके दूसरे बेटे के मोबाइल पर फोन कर रुपये की मांग की जा रही है। वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान कर अपहत युवक हीरालाल कुमार को सकुशल बरामद करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

### पटना में नकली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पटना।** पटना पुलिस ने जाली नोट, स्टांप पेपर, न्यायालय और सरकारी दस्तावेजों के साथ दबोचा है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर सालिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुकनपुरा गांव की है। उन आरोपियों के पास से 10 लाख रुपए के नकली नोट के साथ कई आपत्तिजनक सामग्री मिली है।

### धरना पर बैठी आदिवासी महिलाओं ने भू-माफिया को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, ले गई एसपी कार्यालय

**केटी न्यूज/कटिहार**

कटिहार के सहायक थाना क्षेत्र के ऑफिसर्स कॉलोनी की रहने वाली आदिवासी महिलाओं ने 2 सितंबर को समाहरणालय के गेट पर सामूहिक आत्मदाह करने का प्रयास किया था। महिलाओं का कहना था कि जिस जमीन पर घर बनाकर वो रहते थे दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गयी और घर से बेघर कर दिया गया। पीड़ित महिलाओं ने 16 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। आदिवासी महिलाओं ने भू-माफिया की गिरफ्तारी के लिए धरना प्रदर्शन किया। तभी उनके सामने से नामजद आरोपियों में से एक आरोपी गुजर रहा था। तभी आदिवासी महिलाओं बीच सड़क पर उसे पकड़ लिया और उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। भू-माफिया की पिटाई करते हुए समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में ले गयी। जहां घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। महिलाएं आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। हंगामे के दौरान समाहरणालय में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद हंगामा शांत कराया।



### हल्की बारिश में ही भरभराकर गिरी पटना सचिवालय की दीवार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार अलग-अलग वजहों से देशभर में सुर्खियों में बना रहता है। पिछले दिनों एक के बाद एक कई पुल और पुलिया के गिरने की खबर देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ था। इसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। जिससे सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। विपक्ष को बैठे बिठाये सरकार पर सवाल उठाने का मौका मिल गया था।एक बार फिर विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया है।

इस बार मामला राजधानी पटना से जुड़ा हुआ है। जहां चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी झेल रहे पटनावासियों ने आज राहत की सांस ली। दोपहर करीब डेढ़ बजे पटना में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। पटना में हो रही बारिश के बीच यह खबर आई की विकास भवन का दीवार बारिश से गिर गया है। जिसके बाद इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तुरंत सामने आ गया। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। पटना सचिवालय के विकास भवन का बाउंड्री वॉल हल्की बारिश में ही अचानक भरभराकर गिर गया और भ्रष्टाचार का पोल खुल गयी। बता दें कि विकास भवन में मंत्री और सचिव बैठते हैं जहां नई दीवार अचानक गिरने से अफरा-तफरी मच गयी। नये दीवार को फिर से खड़ा करने का काम शुरू किया गया है। फिलहाल एडवेस्टर से घेरने का काम किया जा रहा है। बता दें कि पटना बेली रोड हड़ताली मोड़ स्थित विश्वेरैया भवन के सामने ही विकास भवन है। जहां कई मंत्री और अधिकारी बैठते हैं।







# अतिमी के युवक ने दक्षिण एशिया चैंपियनशिप कुश्ती में गोल्ड मेडल जीत लहराया परचम

♦ प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले जिले के दूसरे प्रतिभागी बने मूंजी, राजपुर की बेटी ने बालिका कुश्ती में जीता है गोल्ड



**केटी न्यूज/नावानगर**

कॉम्बैट दक्षिण एशिया चौंपियनशिप कुश्ती में स्थानीय प्रखंड के एक युवक ने डंका बजाकर परचम लहराया है। परचम लहराने वाले युवक अतिमी गांव निवासी रामचंद्र पासवान के पुत्र मूंजी पासवान है। जो 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश के साथ जिला एवं प्रखंड का नाम रौशन किया है। यह चैंम्पियनशिप नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित हुई थी।

इधर प्रखंड के इस युवक द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर खेल प्रेमियों व क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त है। साथ ही इस चैंम्पियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता युवक के घर बधाई देने वालों की तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि मूंजी ने विदेश में अपनी परचम लहराकर देश के नाम को गौरवांन्वित किया है। यह गर्व, शान व सम्मान की बात है। गांव में इस सफलता से काफी खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में आधा दर्जन से अधिक देशों के महिला-पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया था। बताया जाता है कि देश के लिए राज्य के कई महिला-पुरुष पहलवानों ने मेडल जीतकर गौरवांन्वित किया है। इसमें 8 महिला व 29 पुरुष पहलवान अपने दमखम का लोहा मनवाया है। इधर बधाई देने वालो में प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार, मुखिया ज्योति गुप्ता, मनोज सिंह, राजद नेता सतेन्द्र यादव, शारदा यादव, मुख्तार यादव, विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, मृत्युंजय सिंह समेत अन्य शामिल हैं।

**भोजपुर जिले के डाक विभाग में सर्विस करता है मूंजी :** नेपाल के काठमांडू में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत दर्ज करने वाले मूंजी वर्तमान में भोजपुर जिले के डाक विभाग आरा में तैनात है। डाक विभाग में सर्विस करने के बावजूद उनका लगाव खेल से जुड़ा रहा। मूंजी पासवान ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम पिछले 29 सितंबर को नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। टीम में वे भी शामिल था। उन्होंने बताया कि नेपाल के काठमांडू में आयोजित इस प्रतियोगिता में नेपाल समेत 8 देशों के महिला-पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया था। जिसमे भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान के पहलवान शामिल हुए है। इस प्रतियोगिता में बिहार के तीन दर्जन से अधिक पहलवानों ने भाग लिया है, जिनमें कई पहलवानों ने गोल्ड व सिल्वर स्थान ला प्रतियोगिता में भारत का लोहा मनवाया है। मूंजी ने बताया कि उसका लक्ष्य इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कुश्ती के दांव-पेंच में परांगत करने के लिए मैं विशेष प्रशिक्षण दूंगा। मूंजी ने बताया कि कुश्ती भारत का अति प्राचीन खेल है तथा शुरू से ही इसमें भारत का दबदबा रहा है। उन्होंने कहा कि बीच के दौरान में क्रिकेट की लोकप्रियता से इस खेल को नुकसान पहुंचा है। जबकि, एक समय था कि हमारे गांवों की पहचान पहलवानों से होती थी। उन्होंने कहा कि वे उस दौर को फिर से लाना चाहते है।

## एक नजर

### बनकट गांव के सड़कों व गलियों में गदंगी देख बिफरी जदयू प्रवक्ता अंजुम आरा



**डुमरांव।** डायरिया के प्रकोप से दहशत में जी रहे बनकट व महरौरा गांव का जदयू प्रवक्ता सह पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अंजुम आरा ने बुधवार को दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों गांवों का भ्रमण के साथ ही ग्रामीणों से बात कर डायरिया के प्रकोप से हुए नुकसान तथा स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली। गांव के निरीक्षण के दौरान चारों तरफ फैली गंदगी देख जदयू प्रवक्ता बिफर पड़ी और तत्काल फोन लगा एसडीओ राकेश कुमार से बात किया। उन्होंने एसडीओ से साफ लहजे में कहा कि बनकट गांव में डायरिया रोग फैला हुआ है, बावजूद गांव की सफाई ब्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एसडीओ को उन्होंने बताया कि मैं बनकट गांव में ही मौजूद हूं। यहां के नाली का कीचड़ निकाल रोड पर रख दिया गया है, उसे उठाया नहीं गया है। वहीं कूड़ा चारोतरफ फैल धूल के रूप में उड़ रहा है और लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। ऐसे में बीमारी फैलने का डर एकबार फिर से बना हुआ है। उन्होंने बताया की गांव में पानी सप्लाई के लिए जो पाइप बिछाया गया कई स्थानों पर टूटा हुआ है, जिससे होकर गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। उसी गंदा पानी पीकर ग्रामीण बीमार पड़े थे। गांव में नया समरसेबल बोरिंग लगाकर और उसे नया पाइप से जोड़कर पानी की सप्लाई होगी, इस पर काम चल रहा है। जिस कब्रिस्तान को जेसीबी तोड़ा गया है, उसकी जांच एसडीओ करेंगे और दोषी पर कार्रवाई होने की बात कही गई। मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं में सिद्धेश्वर चौधरी, अशोक कुमार प्रजापति, महेंद्र राम, सोहराब अंसारी, गोपाल प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे।

### स्कूलों में बेंच डेस्क की कमी होगी पूरी: डीईओ

**बक्सर।** जिले के विद्यालयों में अब बेंच डेस्क की कमी को विभागीय स्तर पर पूरा किया जाएगा। इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. शारिक अशरफ ने पत्र जारी कर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है। सभी बीईओ को पत्र के माध्यम से जिला के विद्यालयों में बेंच डेस्क की आवश्यकता का आंकलन करने को कहा है। इसके साथ ही आंकलन कर उन्हें प्रतिवेदित करने को कहा गया है। जिले के विद्यालयों में विभिन्न एजेन्सियों व वेंडरों के द्वारा प्रधानाध्यापकों से कायार्देश प्राप्त कर बेंच डेस्क की आपूर्ति की गयी है। विभागीय निदेशानुसार शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं के बैठने के लिये जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में आवश्यकतानुसार बेंच डेस्क की उपलब्धता कराया जाना है। सभी बीईओ को विद्यालय में नामांकित बच्चों की सापेक्ष वर्तमान समय में बेंच डेस्क की आवश्यकता का आंकलन किया जाना है। प्रपत्र में प्रतिवेदन एक्सेल सीट में तैयार कराकर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना कराने को निर्देशित किया गया है।

### आत्मा द्वारा आरपीएल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**बक्सर।** सदर प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), बक्सर ने बुधवार को आरपीएल प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आत्मा की उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, सहायक निदेशक, उद्यान किरण भारती व बीएओ राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही, मंच संचालन आत्मा के प्रखंड तकनिकी प्रबंधक विकास कुमार राय एवं त्रिपुरारी शरण सिन्हा ने किया। आत्मा के परियोजना निदेशक सह जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर ने बताया कि जिले के किसान अथवा ग्रामीण युवक एवं युवतियां जो कृषि एवं कृषि से संबद्ध क्षेत्रों में आवश्यक कौशल ज्ञान रखते हैं, लेकिन मूल्यांकन एवं प्रमाणन के अभाव में उन्हें अकुशल क्षमता जाता है, वैसे युवक व युवतियों के लिए आत्मा, बक्सर द्वारा सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। युवक व युवतियों एवं कृषक के लिए आरपीएल का प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशलता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। ताकि सम्बंधित व्यक्ति अपने क्षेत्र में कुशलतापूर्वक कार्य कर सकें। कार्यक्रम का समन्वय रघुकुल तिलक एवं चन्दन कुमार सिंह ने किया। आत्मा की उप परियोजना निदेशक सह नोडल पदाधिकारी, बीएसडी एम बेबी कुमारी ने बताया कि आरपीएल का पूरा नाम रिकोगनेशन ऑफ प्रियर लर्निंग है, जिसको हिन्दी में पहले की सीख की मान्यता कहा जाता है। इस प्रशिक्षण की अवधि 60 घंटे निर्धारित की गई है। इस अवधि में एक सप्ताह का प्रशिक्षण आयोजित कर कृषक एवं बेरोजगार युवक व युवतियों को कुशलता का प्रमाण-पत्र दिया जाता है। आत्मा द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत आरपीएल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एक बैच में अधिकतम 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने की योजना है।

### युवाओं ने बच्चों को पढ़ाया जल संरक्षण का पाठ

**डुमरांव।** जल के बिना जीवन की जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता है, मनुष्य हो या फिर पशु-पक्षी सभी को जल की आवश्यकता है। जिसको लेकर जलपुत्र के नाम से चर्चित युवक अजय राय के द्वारा सिमरी प्रखंड अंतर्गत नियाजीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय लाल सिंह का डेरा के बच्चे-बच्चियों के बीच जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों को दैनिक जीवन मे जल की महत्ता को बताते हुए जल की बबार्दी न करने के लिए अनुरोध किया गया। इसके साथ जल की बबार्दी के रोकथाम के किए उपाय भी बताया गया यही नहीं बच्चों के अलावे मौजूद शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को स्वयं और अपने आस-पास के लोगों को भी जल की बबार्दी न करने देने के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस संबंध मे अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं युवक अजय ने बताया कि प्रधानाध्यापक सुभाष चौहान के पहल पर बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखतें हुए विद्यालय परिसर में आरओ लगाया गया है। वहीं, दूसरी तरफ अभियान का संचालन कर रहें युवा समाजसेवी अभिषेक रंजन ने बताया कि पानी का हर एक बूंद का संरक्षण करना है, जिसके संरक्षण के लिए सभी को व्यक्तिगत एवं समाजिक स्तर पर पहल करना चाहिए। मौके पर प्रधानाध्यापक सुभाष चौहान, सहायक उमलेश पाण्डेय, शिक्षिका वंदना पाण्डेय, शिक्षिका इंग्लेश राजभर, युवा समाजसेवी राहुल सूर्यवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहें।

## खबरें फटाफट

### दो मवेशियों की चोरी

**चौगाईं।** मुरार में मवेशी चोरों ने थाना से महज चंद कदम की दूरी पर दो मवेशियों की चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। घटना बीती रात की है। अहले सुबह जब पशुपालक की नींद खुली तो दरवाजे पर भैंस नहीं दिखी, तबजाकर चोरी की बात समझ में आई। पशुपालक ने पहले अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो थक हारकर स्थानीय थाने में मवेशी चोरी का मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### 11 से आयोजित होगी 10वीं की प्रायोगिक परीक्षा

**बक्सर।** बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड की प्रथम माध्यमिक (10वीं) परीक्षा जून 2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा 11 सितंबर से 13 सितंबर के बीच ली जाएगी। इसको लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने प्रायोगिक परीक्षा के लिए समय सारिणी जारी किया गया है। प्रायोगिक परीक्षा 11 से 13 सितंबर तक सभी चयनित परीक्षा केंद्र (अध्ययन केन्द्र) में आयोजित होगी। प्रायोगिक परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी।

### युवती के साथ छेड़खानी, विरोध पर मारपीट

**केसठ।** स्थानीय थाना के केसठ गांव में तीन नामजद लोगों द्वारा एक युवती के साथ छेड़खानी करने की मामला प्रकाश में आया है। जिसका विरोध करने पर नामजद लोगों द्वारा युवती तथा उसके पिता के साथ मारपीट किया गया है। इस संबंध में पीड़ित युवती द्वारा नागेंद्र तिवारी, राहुल तिवारी और आयुष मिश्रा पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दी है। अपने आवेदन में युवती ने लिखा है, कि घर के पास अपने गौशाले में पशुओं को चारा डाल रही थी। तभी नामजद तीनों लोग गौशाले में आकर छेड़खानी करने लगे। मैने जब विरोध किया तो वे लोग मेरे साथ मारपीट किया। साथ ही शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मेरे पिता के साथ भी नामजद लोगों ने मारपीट की। थानाध्यक्ष नन्दु कुमार ने बताया कि पीड़िता का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

## सभा में बोले आरा सांसद... देश के निवेशकों को पैसा सूद समेत लौटाए सहारा इंडिया

# जैसे केंद्र को झुकाया वैसे ही राज्य सरकार को उखाड़ेंगे: किसान नेता

♦ छह सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार में विकास के नाम पर कानून को ठेंगा दिखाते हुए धड़ल्ले से चल रहे कृषि भूमि के जबरन अधिग्रहण और चौसा के आन्दोलनकारी किसानों पर हुए हिंसक राज्य दमन के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने बुधवार को बक्सर में दमन-विरोधी मार्च निकाला। इसके पहले किला मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया जिसे विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया। सभा की अध्यक्षता तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की। जिसमें अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सचिव उमेश सिंह, बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव विनोद कुमार और अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के प्रांतीय सचिव अशोक बैठा शामिल थे। विरोध प्रदर्शन व दमन विरोधी मार्च बक्सर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए जिला समाहरणालय पहुंचा। यहां प्रदर्शनकारी किसानों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा की बिहार इकाई के बैनर तले वहां एक सभा का आयोजन किया।

जहां सांसद सुदामा प्रसाद ने एक सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने बक्सर जिला प्रशासन व पुलिस महकमे के साथ केंद्र सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ में कहा कि इस शीतकालीन सत्र में आम आदमी का पैसा जो सहारा इंडिया में जमा है, लेकिन उनको अपना ही पैसा नहीं मिला रहा है इस मुद्दे को उठाया जाएगा। सहारा इंडिया जब खुला था, लोग बैंकों को नहीं बल्कि अपने आसपास के सहारा इंडिया के एजेंटों को देते थे। जिसका गलत फायदा ने उठाया। उस पैसे वह अपना व्यवसाय करते हुए अपनी पूंजी बढ़ाने में लगा हुआ है। इस बीच अपने पैसों के इंतेजार जिन निवेशकों की मौत हो गई है, उनके परिजनों और जो निवेशक अभी जिंदा हैं सहारा इंडिया उनको मुआवजे और सूद समेत उनका पैसा वापस करे। यह आज का मुद्दा नहीं है, लेकिन देश के करोड़ों आम आदमी से जुड़ा है।

**कंपनी व प्रशासन के खिलाफ जमकर निकाली भड़ास :** नेताओं ने चौसा में किसानों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ कंपनी व प्रशासन पर भड़ास निकाली। राष्ट्रीय किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि जिस तरह दिल्ली में हम किसान केंद्र सरकार को झुकाने का काम किया उसी तरह यहा की सरकार को भी हम उखाड़ फेंकेंगे। जिस दिन संयुक्त मोर्चा चौसा आंदोलन को तय कर लेगी, उस दिन हम पटना को घेर लेंगे व नीतीश कुमार को उखाड़ फेकेंगे। वहीं, अन्य किसान नेताओं व विधायक अजीत कुशवाहा चौसा के किसानों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। कहा गया चौसा के किसानों को न्याय मिलना चाहिए। और उनकी मांगों को मानी जानी चाहिए। बता दे कि चौसा में हुए बर्बर पुलिस दमन कांड की उच्च स्तरीय जांच, व तमाम प्रशासनिक अधिकारियों व दोषियों को दंडित किया जाना। उक्त दमन कांड में फर्जी मामले दायर कर जेल में बंद करना, दायर मामले को वापस लेना, किसानों की जान माल की क्षति के लिए अविलम्ब समुचित मुआवजा दिया जाए। कैग की रिपोर्ट में उक्त भूमि अधिग्रहण के मामले में जिले के जिन अधिकारियों पर घोटाले की ओर उंगली उठाई गई है, उनको तत्काल निलंबित किया जाय। बिहार में पुनर्वास और पुनर्स्थापना को लेकर स्पष्ट नीति दिखलाना आदि छह सूत्री मांगों भरी ज्ञापन डीडीसी डा. महेंद्र पाल को सौंपा गया।

### किसानों की निम्नलिखित मांगें...

- 20 मार्च, 2024 के चौसा पुलिस दमन कांड के पूरे मामले की जांच एक उच्च स्तरीय न्यायिक समिति से कराई जाए। वहीं, मामले में संलिप्त अधिकारियों को दंडित किया जाए।
- कैग की रिपोर्ट में बक्सर के जिन अधिकारियों पर उंगली उठाई गई है, उनको तत्काल निलंबित किया जाए।
- जिन किसानों पर फर्जी मामले दायर करके उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। किसानों के ऊपर दायर मामले वापस लिए जाएं। पुलिस दमन के दौरान किसानों को हुई जान-माल की क्षति के लिए अविलम्ब समुचित मुआवजा दिया जाए।
- अपने ऊपर हुए दमन के खिलाफ कोर्ट गये किसानों पर मुकदमा वापस लेने के लिए पुलिस-प्रशासन किसानों को धमकाना व उनपर दबाव बनाना बंद करें।
- भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन कर कृषि भूमि के जबरन भूमि अधिग्रहण पर सख्ती से रोक लगाई जाए।
- बिहार में पुनर्वास और पुनर्स्थापन को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है, जिसके चलते इस मामले में हर जगह अनदेखी की जा रही है। इसलिए राज्य में पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन को लेकर स्पष्ट नीति बनायी जाए और उसे सख्ती से लागू किया जाए।

# आजाद पासवान की हत्या के मुख्य आरोपित ने किया सरेंडर

**केटी न्यूज/ बक्सर**

कुख्यात नक्सली सरगना रहे तथा सुभासपा दलित प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आजाद पासवान हत्याकांड के एक नामजद आरोपित ने बुधवार को बक्सर कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। समर्पण करने वाला पतरकोना गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण तिवारी के पुत्र सोनू तिवारी पर मृतक की पत्नी ने आजाद की गोली मार हत्या करने का आरोप लगाया था।

इस मामले में आजाद की पत्नी कलावती ने कुल 6 लोगों के खिलाफ वासुदेव थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस के भारी दबिश के कारण आरोपित को आखिरकार सरेंडर करना पड़ा। वरिष्ठ अधिवक्ता बबन ओझा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 7 अगस्त को वासुदेवा थाना क्षेत्र के आथर नहर पुल से पश्चिम अपराधियों ने आजाद की गोली मार जख्मी कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया था। इस घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त था। घटना के बाद से लगातार सुभासपा व भीम आर्मी के द्वारा प्रशासन पर नामजदों की गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाया जा रहा था। वही, उसकी मौत के बाद से इलाके में गुटीय तनाव भी बढ़ गया था। जिसे देखते हुए पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस की दबिश से परेशान मुख्य आरोपित ने आखिर कार कोर्ट में सरेंडर कर दिया। हलांकि, अभी भी इस मामले में नामजद पांच लोग फरार चल रहे है। पुलिस का कहना है कि उन्हें भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बोले आक्रोशित... आजाद के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करो और फांसी दो

**केटी न्यूज/बक्सर**



पूर्व नक्सली व सुभासपा नेता आजाद पासवान के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी तथा भीम आर्मी के कार्यकताओं ने बक्सर में आक्रोश मार्च निकाला। किला मैदान से निकला यह आक्रोश मार्च समाहरणालय गेट पर पहुंच जोरदार प्रदर्शन कर जाम कर दिया और जमकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद व अपराधियों को फांसी दो के नारे लगाए गए।

हालांकि डीएम अंशुल अग्रवाल मौजूद नहीं थे। समाहरणालय का गेट बंद था सुरक्षा प्रहरी अंदर ड्यूटी पर मौजूद थे। आक्रोश मार्च में शामिल कार्यकताओं द्वारा कहा जा रहा था, जब तक डीएम-एसपी से वार्ता नहीं होगा तब तक कार्यकर्ता गेट पर मौजूद रहेंगे। बता दें कि सात अगस्त को घर से डुमरांव के लिए निकले पूर्व नक्सली सह सुभासपा नेता आजाद पासवान की परसागंडा के समीप पुलिया के पास नाजदों ने गोली मार दी थी, जिनकी इलाज के दौरान छह दिन बाद मौत हो गई थी। दूसरे दिन आक्रोशित कार्यकताओं द्वारा परिजनों के साथ ज्योति चौक बक्सर में शव रख जाम कर दिया था। जहां उन्हें प्रशासन द्वारा जल्द गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया था। मगर, अब तक एक भी गिरफ्तारी न होने कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च निकाला। आक्रोश मार्च में शामिल भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा कि आज तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया नहीं कराया गया। जो यह दिखाता है कि शासन और प्रशासन का इकबाल खत्म हो गया है। जिले में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जब न्याय मांगने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे हुए है तो डीएम और एसपी दोनों फरार है। हालांकि, बाद में डीडीसी ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी डॉ. महेंद्र पाल को अपना मांग पत्र भी सौंपा।

## चौसा सीएचसी में टीबी के इलाजरत मरीजों को निक्षय मित्रों ने दिया फूड बास्केट

# पौष्टिक खान पान से जल्द ठीक होंगे टीबी मरीज: डॉ. मणिलाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

♦ बोले बक्सर उत्थान मंच के सदस्य... 2025 में टीबी मुक्त अभियान में करेंगे सहयोग



जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी के इलाजरत मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से फूड बास्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को चौसा सीएचसी में टीबी के चार इलाजरत मरीजों को बक्सर उत्थान मंच के द्वारा फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मणिपाल ने कहा कि टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए शुरू किए गए टीबी मुक्त अभियान में टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता का परिचय देते हुए हैं अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर दृढ संकल्प और प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि टीबी की बीमारी किसी को कभी भी हो सकती है। लेकिन समाज में एक तरह से भ्रम फैला हुआ है कि गरीबी के कारण ही टीबी बीमारी होती है लेकिन ऐसा नहीं है। क्योंकि यह बीमारी कई प्रकार से होती हैं जबकि खानपान पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए तो छह महीने के अंदर बीमारी पर आसानी से विजय प्राप्त किया जा सकता है।

मौके पर उप प्रमुख मोहन बाबा, बीसीएम मंजू कुमारी, एसटीएस इंदु कुमारी, एलटी अमरेंद्र कुमार, वीबीडीएस गुड्डू पाठक, हिमांशु, पंकज उपाध्याय, मुकुंद सनातन, रोहित यादव, सोनल तिवारी, मोहन चौबे, राकेश पाठक, कमलेश पाठक, ईश्वर प्रसाद, रजनीकांत तिवारी, अमित दुबे, दिवेश पांडेय, राघव पांडेय, बबलू पासवान, रोहित गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चलाया जाएगा जन जागरूकता अभियान

मौके पर बक्सर उत्थान मंच के अध्यक्ष इंद्रजीत चौबे ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए यह योजना एक वरदान साबित होगी। इसके माध्यम से टीबी मरीजों की पोषण की कमी दूर होगी। जिससे वो इस बीमारी को मात देने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में बक्सर उत्थान मंच के माध्यम से न केवल जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, बल्कि, जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में बक्सर उत्थान मंच पूरा सहयोग करेगा। इसके लिए प्रखंडों व पंचायतों में मंच के सदस्यों के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों को टीबी की जानकारी देते हुए इलाज के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। ताकि, लोगों में टीबी के प्रति जागरूता बढ़े। जिससे जिले को टीबी मुक्त बनाने का उद्देश्य पूरा किया जा सके।



# तीन दिवसीय जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

♦ पूरे जिले के शहरी से लेकर सुदूर ग्रामीण स्तर तक के विद्यालय के बच्चों ने अपनी खेल की प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतिम तिथि को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एरोड्रम स्टेडियम, जहानाबाद एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स - सह- इंडोर स्टेडियम, मल्लहचक, जहानाबाद में किया गया। बताते चले की 2 सितंबर से ही जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा किया गया था, जो लगातार तीन दिनों तक जारी रहा, जिसमें पूरे जिले के शहरी से लेकर सुदूर ग्रामीण स्तर तक के विद्यालय के बच्चों ने अपनी खेल की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बुधवार को समापन दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं की बात करें तो एरोड्रम स्टेडियम जहानाबाद में क्रिकेट (बालक) की ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ हीं बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में रग्बी खेल विधा में बच्चों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स -सह- इनडोर स्टेडियम, मल्लहचक में बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दमखम दिखाया। आज के अंतिम दिन के प्रतियोगिताओं के परिणामों की बात करें तो अंडर-14 आयु वर्ग में बालको में निहाल राज, द. विंग्स फाउण्डेशन एकेडमी विजेता रहें। एकेडमी के यदि राज को सफलता मिली।

### अंडर14 बालक वर्ग रग्बी प्रतियोगिता में अमन कुमार रहा विजेता

अंडर-19 आयु वर्ग में बालको में पीपीपीएस, जहानाबाद के प्रियांशु सिन्हा विजेता रहें, वहीं बालिकाओं में बीपीएस जहानाबाद की आयुषी विजेता रही। टीम प्रतियोगिताओं की बात करें तो रग्बी के अत्यधिक रोचक मैच में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में, बालक एवं बालिकाओं दोनों की विद्यालय की टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालकों की रग्बी प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, अमन विजेता रहा। वहीं इसी आयु वर्ग में बालिकाओं में, राज्यकृत मध्य विद्यालय पंडूई को सफलता हाथ लगी। अंडर-17 बालकों की प्रतियोगिता में प्लस टू प्रवेशिका विद्यालय, शकूराबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं इसी आयु वर्ग में बालिकाओं की प्रतियोगिता में राज्य कृत मध्य विद्यालय, अमैन विजेता रहा। अंडर-19 बालकों की रग्बी प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय, अमन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़का गांव बख्तियारपुर गांव के पास बनास नदी में मिला शव

# आरा में दो दिन पूर्व घर से लापता मर्चेंट नेवी में कार्यरत युवक का शव बरामद

♦ शव पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना भेजा गया
♦ शरीर के कई हिस्सों में मिले है चोट के निशान

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में आटा चक्की मिल से लापता युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बड़कागांव अख्तियारपुर गांव स्थित बनास नदी से बुधवार की सुबह बरामद किया गया है। मृतक के चेहरे पर, बाएं पैर के घुटना पर खून लगा, बाएं पैर के तलवे का चमड़ा,दाहिने हाथ के हथेली का चमड़ा उखड़ा हुआ एवं दोनों होंठ हल्का सा कटा हुआ पाया गया है। जिसके कारण परिजन द्वारा मारपीट कर व हत्या कर उसके शव को बनास नदी में फेंक जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उधर घटना की सूचना मिलते ही उदवंत नगर थाना अध्यक्ष राम कल्याण यादव एवं गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी अरुण कुमार सिंह उर्फ पवन कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार है। वह मर्चेंट नेवी में छह माह पूर्व मालदीप में ज्वाइन किया था और अभी ट्रेनिंग कर रहा था। इधर मृतक के पिता अरुण कुमार सिंह उर्फ पवन कुमार सिंह ने बताया कि उंसके दादा की मृत्यु हुई। उन्हीं के अंतिम संस्कार में वह सोमवार की रात वह अपने बेटे के ऋतिक कुमार साथ खाना खाया और बातचीत करने के बाद वह घर से ही कुछ दूरी पर स्थित उनके आटा चक्की मिल में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह जब वह उसे उठाने गए तो वह वहां नहीं था तो उन्होंने सोचा कि वह शौच करने गया होगा। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चल पाया तो परिजन द्वारा उसके मोबाइल पर कॉल किया गया। लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। इसके बाद परिजन द्वारा उदवंतनगर थाना में मंगलवार की सुबह करीब गयारह बजे गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। उसके बाद पुलिस एवं परिजन द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच बुधवार की सुबह बड़का गांव बख्तियारपुर के एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की बनास नदी में एक



### हरियाणा में आरा की नवविवाहित की गला दबाकर हत्या

**आरा।** हरियाणा के सोनीपत जिले के सोनीपत थाना क्षेत्र के बड़ी इलाका गांव में एक नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं मृतका के परिजन द्वारा बाइक की किश्ती के विवाद को लेकर उसे करने का आरोप लगाया जा रहा है। जबकि मृतका के पति महादेव प्रसाद का भी ही कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रहा है और उसका भी इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी महादेव प्रसाद की 21 वर्षीय पत्नी रानी कुमारी है। इधर मृतका के चाचा विजेन्द्र राम ने बताया कि टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव निवासी फौजी पासवान के पुत्र महादेव प्रसाद बाबुल की भतीजी का कुछ समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके बाद दोनों परिवारों ने मिलकर उन दोनों की इसी वर्ष के 24 अप्रैल को शादी कर दी थी। शादी के समय उसके पति द्वारा होंडा शाइन बाइक की मांग की गई थी। जिसका किश्ती जमा करने को लेकर उनके बीच झगड़ा होता रहता था। सोमवार को उनकी भतीजी द्वारा अपने पिता फौदार पासवान पर कॉल कर कहा गया था कि मुझे दस तारीख को महीना मिलेगा और गाड़ी की किश्ती जमा करनी है तीन हजार रुपया भेज दीजिए। इसके बाद उनके द्वारा सोमवार को ही किश्ती का तीन हजार रुपया भेज कर जब फोन किया गया तो उसके पति से बात हुई थी। उन्होंने ने बताया कि दो महिना पूर्व काम करने को लेकर उसका पति उसे हरियाणा के सोनीपत ले गया था। इसी मंगलवार की शाम करीब सात बजे उन लोगों को सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है। कोई दूसरी ओर उन्होंने बाइक की कष्टि की जमा करने के झगड़े को लेकर उसके पति पर गला दबाकर करने की आशंका जताई है। जबकि दूसरी तरफ मृतक की सास अनु देवी ने बताया कि उनके छोटे बेटे द्वारा फोन पर सूचना दी गई की भाभी डेट कर गई है। मैं छत पर सोया था और बहन नीचे सोई हुई थी। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व से सिर में दर्द हुआ था। जिसके बाद उसका इलाज कराया गया था और उसका सर का दर्द ठीक हो गया था। उनकी बहू की मौत कैसे हुई। यह उन्हें नहीं मालूम।

### करंट की चपेट में आने से मिठाई दुकानदार की मौत

**आरा।** भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के आरा-छपरा फोरलेन पर दौलतपुर बोरिंग स्थित मिठाई दुकान में करंट की चपेट में आने से बुधवार को मिठाई दुकानदार की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही।जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के बाघ मझौवा गांव निवासी विकास कुमार उर्फ दीनबंधु का बेटा सूरज कुमार उर्फ नीरज कुमार(24) है। वह पेशे से मिठाई दुकानदार था। दौलतपुर बोरिंग स्थित मिठाई दुकान चलाता था। इधर, मृतक के चचेरे भाई राजेश प्रसाद ने बताया कि वह अपने मिठाई दुकान पर था। सम्भवत चना फुलाने के लिए गया था। तभी मिठाई दुकान के काउंटर में लगे तार में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण वह करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद बुधवार की सुबह जब काम करने वाला एक कारीगर उसके दुकान पर पहुंचा, तो उसने देखा कि वह मृत अवस्था में नीचे पड़ा है।इसके बाद उसने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन तुरंत वहां पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना कोईलवर थाना शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां मीरा देवी, बड़ी बहन सुषमा देवी और भाई सन्नी कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## राजगीर-तिलैया रेलखंड का हुआ विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**केटी न्यूज/हाजीपुर**



हाजीपुर रेलजोन के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बुधवार को दानापुर मंडल के पटना-राजगीर तथा धनबाद मंडल के बंधुआ-प्रधान खांटा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने इन रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया ।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राजगीर स्टेशन का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म आदि की साफ-सफाई सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने राजगीर-तिलैया रेलखंड पर अवस्थित वृहत रेल पुल संख्या 47 का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलुओं को बारीकी से देखा। राजगीर में महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ राजगीर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पुनर्विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया । विदित हो कि पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने धनबाद स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा झाझा से पटना तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी तथा धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

### दरवाजे पर झगड़ा करने से मना करने पर बुजुर्ग पर की फायरिंग, जख्मी

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला में बुधवार किस दरवाजे पर झगड़ा करने से मना करने पर एक युवक द्वारा बुजुर्ग पर फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान जख्मी बुजुर्ग को दाहिने हाथ के हथेली पर गोली लग गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी बुजुर्ग टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला निवासी मो.इस्माइल अंसारी के 60 वर्षीय पुत्र मो.शमीम अंसारी है। उधर घटना की सूचना मिलती ही स्थानीय थाना घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर मो. शमीम अंसारी ने बताया कि मोहल्ले के कुछ युवक उनके दरवाजे पर झगड़ा कर रहे थे। जिसे लेकर मना किया था।

## आरा सिविल कोर्ट का हेड क्लर्क निलंबित, कर्मियों ने जताया विरोध

**केटी न्यूज/आरा**



आरा सिविल कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा काम में लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके बाद कर्मचारियों ने बुधवार को आरा सिविल कोर्ट में काम का बहिष्कार कर दिया है। सभी कर्मचारी कोर्ट परिसर में काम का बहिष्कार कर बाहर बैठे हुए है। वहीं, सीजेएम ऑफिस के हेड क्लर्क विनोद कुमार शर्मा को सस्पेंड किया गया है। इन्होंने 2021 के अक्टूबर में सीजेएम ऑफिस में हेड क्लर्क में ज्वाइन किया था। उससे पहले एडीजे वन में क्लर्क थे। वहीं, निलंबित क्लर्क विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि चरपोखरी 93/9 के रेकड के संबंध में आदेश फलप कर 7 पन्ना और ऋक्रफका एक पन्ना मिल गया। बाकी रेकड नहीं मिलने की वजह से बिना नोटिस और बिना शोकॉज के मुझे सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुझसे स्पष्टीकरण मांगा भी नहीं गया है। इसके विरोध में हमलोग लगभग 300 कर्मचारी न्याय काम से अलग है। उन्होंने बताया कि वहीं जब तक हमलोग को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हमलोग न्याय काम से अलग रहेंगे। अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय जगदीशपुर में क्लर्क रहे राकेश कुमार ने बताया कि उनको 7 फरवरी 2024 को सस्पेंड किया गया था। अभी तक सस्पेंड हैं।

## सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ साथ विद्यालय में भी खिलाई जाएगी दवा

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

**केटी न्यूज/छपरा**




कृमि संक्रमण से शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित होता है। गंभीर संक्रमण से दस्त, पेट दर्द, उल्टी, कमजोरी आदि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके लिये समय समय पर डीवर्मिंग के लिये एल्बेंडाजोल की खुराक लेनी चाहिये। 1-2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली तथा 2-3 वर्ष के बच्चों को एक गोली चूर्ण बनाकर पानी में मिलाकर खिलाना चाहिए। 3-19 वर्ष के बच्चों को एक गोली अच्छी तरह से चबाकर पानी के साथ खानी चाहिए।बुधवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर 1-19 आयुवर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को यह दवा निःशुल्क खिलाई गई। यह दवा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के माध्यम से लक्षित आयुवर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को खिलाई गई। 1-5 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों एवं 6-19 आयुवर्ग के वैसे बच्चे जो विद्यालय नहीं जा रहे हैं, उनको आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दवा खिलायी गई। विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों को विद्यालय के माध्यम से दवा खिलायी गई।एक सप्ताह के बाद 11 सितंबर को मॉप-अप राउंड चलाया जायेगा जिसमें छूटे हुये बच्चों को दवा खिलायी जायेगी। बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने सेंट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में छात्रों एवं छात्राओं को दवा खिलाकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दवा लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को खिलायी जायेगी। सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ साथ विद्यालय से बाहर वाले बच्चों को भी दवा खिलायी जायेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### छपरा सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू

**छपरा।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनने वाले आयुष्मान कार्ड को लेकर अभी भी जिले में आपाधापी मची हुई है। लाभार्थी कार्ड बनवाने के लिए रुपए भी खर्च कर रहे हैं, सभी ब्लॉक एवं जन वितरण प्रणाली दुकानों पर भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बावजूद इसके अभी भी काफी लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित है अब पुन: छपरा सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### आरा में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**आरा।**दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कोईलवर स्टेशन स्थित अप लाइन पर बुधवार की सुबह ट्रेन से मिलकर एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के नया हरीपुर गांव वार्ड नंबर 12 निवासी शिव प्रसाद राय का 40 वर्षीय पुत्र होती राय है। वह गांव में ही घी-गलाने का प्रिया भी भंडार दुकान चलाते हैं। इधर मृतक के भतीजे वीर बहादुर कुमार ने बताया के बुधवार की सुबह वह कोईलवर स्टेशन से ट्रेन से कर आरा शहर स्थित गोढना रोड अपने रिश्तेदार के घर गाय खरीदने के लिए जा रहे थे। तभी ट्रेन पर चढ़ने के दौरान ही वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़े।

## एक नजर

### करकट की छत गिरने से दर्जनों लोग घायल

**छपरा।** जिले के इसुआपुर में बीती रात महावीर झंडा मेला का जुलूस निकाला जा रहा था और इस झंडा मेला में आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम भी था। जिसको देखने के लिए सड़क के बगल के छत में काफी सारे लोग चढ़े हुए थे। यह करकट की छत काफी पुरानी थी और इतने सारे लोगों का बोझ नहीं संभाल सका और छत भरभरा कर गिर गया। छत पर चढ़े दर्जनो लोग अचानक नीचे आ गए और घायल हो गए हैं इन सभी का इलाज इसुआपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में चल रहा है। जबकि कई सारे लोगों का इलाज निजी क्लीनिक में हो रहा है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर मेला झंडा जुलूस निकाला जा रहा था और इसमें कई आर्केस्ट्रा ग्रुप भाग ले रहे थे। हजारों की संख्या में लोग वहां पर आर्केस्ट्रा का आनंद ले रहे थे तभी अचानक यह घटना घटित हुई और काफी सारे लोग घायल हुए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने घटना इस साल पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### कार सहित 1046 शराब की बोतल जब्त

**जहानाबाद।** जिले की पुलिस शराब माफियाओं के बिरुध कड़ी नजर रखे हुए हैं। शराब तस्कर चाहें कोई तरकीब ढुंढ कर कारोबार करे, लेकिन जहानाबाद की पुलिस भी शराब कारोबारी को अपने चंगुल में ले ही लेगा। इसी कड़ी में आज मंगलवार को सुबह जहानाबाद के बभना रोड के आस पास एक कार से शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह नगर थाना को सुचना मिली की अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जहानाबाद पहुंचने वाली है। सुचना के आधार पर थाना अध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए ,नाकाब?दी किया, जिसके फलस्वरूप बभना रोड में एक कार को खड़ा होते देख शक होने के उपरांत कार को चेक करने पर शराब का कार्टून भरा हुआ मिला, जिसे थाना लाया गया।वही उन्होंने बताया कि हलाकी चालक गाड़ी खड़ी कर भाग गया था, फिर भी गाड़ी के रजिस्ट्रेशन पर जानकारी जुटाई जा रही है कि आखिर गाड़ी किसकी है। वही उन्होंने बताया कि विभिन्न ब्रांडों के शराब की बोतलें है, जो 1046 बोतल है जिसमें 531 लीटर अंग्रेजी शराब है। तथा आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### मैमून निशा बनीं सासाराम की नगर आयुक्त

**सासाराम।** नगर निगम सासाराम के उप नगर आयुक्त मैमुन निशा को सासाराम नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। मैमून निशा ने बुधवार को नगर आयुक्त का पदभार संभाला। बता दें की अतेंद्र पाल को सारण का डीडीसी बनाया जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। वही नगर आयुक्त की कुर्सी संभालने के बाद नगर आयुक्त मैमून निशा ने शहर के कई वार्डों की समस्यौं पर चर्चा किया। वही मैमून निशा को नगर आयुक्त बनाए जाने पर वार्ड पार्षदों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है।

### पोखर में डूबने से हुई बुजुर्ग महिला की मौत

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंझुआ गांव के पोखरे में डूबने से हुई एक वृद्ध महिला की मौत। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह शौच के लिए गई हुई बुजुर्ग महिला की पास के पोखर में पैर फिसलने के कारण डूबने से मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला बड़का सिंझुआ गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रजापति की मां बिगना देवी जिनकी उम्र लगभग 80 वर्ष बताई जा रही हैं । घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा परिजनों को दी गई। साथ ही मौके पर रामगढ़ पुलिस द्वारा पहुंच कर शव कब्जे में लिया गया,तथा आगे की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया।

### ठनका गिरने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**काराकाट।** काराकाट प्रखंड अंतर्गत धनछूहा निवासी 70 वर्षीय शिव वचन सिंह यादव पिता स्वर्गीय चंद्रिका सिंह यादव की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने के कारण हो गई। इस खबर को सुनते ही गांव में हाहाकार मच गया मृतक शिवबचा सिंह यादव को आनन फानन में बिक्रमगंज निजी अस्पताल में परिजन के द्वारा ले जाया गया मगर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने जांचों परांत मृत घोषित कर दिया । यह सुनते ही परिवार रोने बिलखने लगने लगा । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक शिवबचन यादव भैंस चराने के लिए बगीचा में गए थे कि अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिस कारण से उनकी मृत्यु हो गई । काराकाट पंचायत के मुखिया सह रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष बाबू जोगेंद्र सिंह मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय संगत मुआबजा देने की मांग की जिला के बरिए अधिकारियों से की है ।

### मंदिर का दानपेटी चुराने वाले 4 चोर गिरफ्तार

**भभुआ।** मंदिर चोरी का कोई नया घटना नहीं है यह बिहार में निरंतर होते रहता है आम चोरी तो होते रहता है लेकिन चोरों ने भगवान को भी नही बक्सता कुछ दिन पहले भगवानपुर प्रखंड में मां मुंडेश्वरी माता दी की भी आंख को चोरों ने गायब कर दिया था आप को बताते चलें की यह मामला भगवानपुर थाना एवं प्रखंड के सामने काली माता मंदिर से दान पेटी को चोरों ने चुरा लिया था जिससे भगवानपुर थाना ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान को जारी किया गया जारी अनुसंधान में चार चोर आरी दान पेटी एवं 17245 रुपए कैश सहित अनिल कुमार गुप्ता, पिता मोहन साह, नीरज कुमार, नारायण मल्लाह, सत्येंद्र मल्लाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में प्रेस वार्ता में सीडीपीओ शिव शंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर थाना में पूर्व में हुए चोरी का अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि अनिल कुमार गुप्ता ने चोरी कर के भगवानपुर थाना के आगे खेत में ले जाकर पैसा निकालने की कोशिश किया। वहा तीन चोरों ने पहले से उपस्थित थे जहां चोरी का माल छिपाने में मदद की और सभी लोग दान पेटी को काटकर पैसा निकाल कर सभी आपस में बांट लिया था जहां भगवानपुर पुलिस की तत्परता से चोरी को एक सप्ताह के अंदर पर्दाफाश कर सभी चोरों को गिरफ्तारी कर भभुआ भेज दिया गया।

### विकास कार्य के लिए सदा रहूंगा समर्पित: आरके सिंह



**आरा।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद आर के सिंह जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और योजनाओं के उद्घाटन मे शामिल हुए। पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा के निवर्तमान सांसद आर के सिंह इन दिनो भोजपुर जिला के भ्रमण मे है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन पूर्व मंत्री ने क्षेत्र का दोरा किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए और आम जनता एवं कार्यकताओं की समस्याओं से अवगत हुए। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आरा परिसदन मे पहुंचे। पूर्व मंत्री का एनडीए कार्यकताओं और समर्थकों के द्वारा फूलमाला, अंगवस्त्र और नारो के साथ भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता जिलापार्षद गंगाधर पांडेय के कतीरा स्थित घर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे शामिल हुए और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। पत्रकार चंदन मिश्रा के धोबीघटवा स्थित आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी और नानी के मृत्यु होने पर परिजनों को सांत्वना दिया। भाजपा के इसाढी मंडल अध्यक्ष विकास के घर पर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे भाग लिया। उसके बाद अगिआंव विधानसभा के करवासीन मे अंशु मुखिया के घर पहुंच कर ग्रामीण जनता से मिले। इस दौरान ग्रामीण जनता द्वारा गांव की समस्याओं से पूर्व सांसद को अवगत कराया। संदेश प्रखंड के नुरपुर मे हुए तीहरे हत्या की घटना की खबर सुनकर पूर्व मंत्री आर के सिंह पीड़ित परिवार से मिलने नुरपुर पीड़ित के घर पहुंच कर परिवार से मिले और उनसे हत्या की जानकारी प्राप्त की।

# गाजीपुर के 43 युवाओं को डीएम की मौजूदगी में दिया गया नियुक्ति पत्र

केटी न्यूज/गाजीपुर

♦ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1334 अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1334 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

गाजीपुर के 43 युवाओं को भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का अवसर मिला। सभी ने पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयन पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि ने देखा। सभी ने नव चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित अभ्यर्थियों में 43 लोग गाजीपुर के भी हैं। जिसमें प्रदेश मुख्यालय पर 27 व जनपद मुख्यालय पर 16 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया।

मुख्यमंत्री ने नव चयनित युवाओं से कहा कि वह अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें।

उन्होंने नव चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई भी दी। कहा कि पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा यह नियुक्तियां की गई हैं। कहा कि वर्तमान सरकार धर्म, जाति व क्षेत्रवाद के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सभी वर्ग, जाति व धर्म के साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत रोजगार मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। कहा कि उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बना है। कहा कि प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। बहुत जल्द ही देश की प्रथम अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश बनेगा। सरकार हर चेहरे पर खुशी लाने का कार्य कर रही है, अगर कोई भी युवाओं की योग्यता व क्षमता के सामने अवरोध (बैरियर) बनेगा तो उस बैरियर को हटाया व तोड़ा जाएगा तथा भ्रष्टाचार फैलाने वालों की संपत्ति जब्त की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को 40 लाख निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार धनराशि का उपयोग जनता के साथ लोक कल्याणकारी कार्यों पर करती है। प्रदेश में चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं तथा देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर गौतमबुद्ध नगर में बन रहा है।

वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा और प्रधानमंत्री की परिकल्पना साकार होगी।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि बुधवार को प्रदेश में 1334 अभ्यर्थियों को 12 से अधिक विभागों में अवर अभियंता व अन्य पदों पर नियुक्ति के उपरान्त नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। इन चयनित अभ्यर्थियों में 43 अभ्यर्थी जनपद गाजीपुर के भी हैं। जिनमें से 04 को सिंचाई एवं जल संशाधन विभाग, 04 आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, 13 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, 13 नगर विकास विभाग, 09 लोक निर्माण विभाग में नौकरी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बताया कि जनपद गाजीपुर के चयनित 27 अभ्यर्थियों को लखनऊ के कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपने कार्य को पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने सभी आगन्तुओं का अभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों संग हुई बैठक

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, अध्यक्ष व मंत्री को पत्र प्रेषित कर सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा किए जाने के आयोग के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में पांच सितंबर 2024 को राइफल क्लब सभागार गाजीपुर में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में स्वयं व अपने प्रतिनिधि को ससमय भाग लेने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें।

### मुहम्मदाबाद के नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया के कार्य प्रणाली से अधिवक्ता नाराज

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील के राजस्व न्यायालय में अधिकारियों के भ्रष्टाचार घूसखोरी के खिलाफ सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को समस्त न्यायालयों का कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन हड़ताल पर चले गए। अधिवक्ताओं का कहना है कि सबसे अधिक भ्रष्टाचार का मामला तहसील में स्थित नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया के यहां फल-फूल रहा है, जहां पर बिना सुविधा शुल्क के कोई भी कार्य नहीं होता है। उनके राजस्व न्यायालय में जिन मामलों में कोई आपत्ति भी नहीं होती उनको भी यह सालों से लटकाए रहते हैं और उसका निस्तारण भी नहीं करते। जब तक सुविधा शुल्क न मिल जाए। वक्ताओं ने कहा कि नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया के यहां दाखिल खारिज के सैकड़ों फाइल बिना निस्तारण के पड़े हुए हैं। पूछने पर वादकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ ठीक ढंग से बर्ताव नहीं किया जाता और ना ही किसी मामले के बारे में स्पष्ट जवाब दिया जाता है। प्रतिदिन इलाके के हजारों लोग अपने कार्यों को लेकर उनके कार्यालय में आते हैं और बिना कार्य हुए वापस चले जाते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार के पूर्व अध्यक्ष प्रेम शंकर राय ने जिलाधिकारी से मांग किया कि नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया के द्वारा किए गए समस्त कार्यों की जांच कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। विदित हो कि मोहम्मदाबाद तहसील भ्रष्टाचार के मामले में काफी बदनाम हो चुका है अभी पिछले महीने ही मोहम्मदाबाद तहसील तहसील परिसर से ही यहां के दो लेखपालों को एंटी करप्शन वाराणसी की टीम रंगे हाथ पकड़ कर जेल भेज दिया लेकिन इन बड़ी-बड़ी कार्रवाइयों के बाद भी अभी भी यहां के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने रवैया से बाज नहीं आ रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर दुबे प्रभास पांडे गोविंद नारायण सिंह अवध बिहारी यादव साहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण के लिए संशोधित समय सारणी जारी

**गाजीपुर।** शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (ग्रुप-1, 2, 3 व 4 से संबंधित पाठ्यक्रम) का मास्टर डाटावेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने, छात्रवृत्ति वितरण करने आदि का संशोधित समय- सारणी जारी किया गया है। इसके अनुसार नवीन शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की कार्रवाई शिक्षा विभाग व विश्वविद्यालय /एफिलिएटिंग एजेंसी के माध्यम से करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर से संस्थान के लिए पासवर्ड प्राप्त करना। मास्टर डाटा में पूर्व सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार अनुमोदित सीटों की संख्या सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, एफिलिएटिंग एजेंसी व विश्वविद्यालय का नाम आदि अंकित या अपडेट कर नोडल अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित कर लॉक किए जाने के लिए कार्यवाही 15 जुलाई 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक की जानी है। संबंधित विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थान के मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि की आनलाइन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन लॉक किये जाने के लिए 16 जुलाई 2024 से 11 नवंबर 2024 तक निर्धारित है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि 20 जुलाई 2024 से 20 नवंबर 2024 तक निर्धारित है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने जनपद के समस्त दशमोत्तर स्तर के शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि उपरोक्त संशोधित समय सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं अन्य समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करने का कष्ट करें। ताकि समय से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

### व्यापारी महा सम्मेलन में भाग लेने के लिए मऊ से भारी संख्या में रवाना होंगे व्यापारी

**मऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद इकाई मऊ की बैठक जिला कार्यालय अलाउद्दीनपुरा में कोपागंज व्यापार मंडल से जुड़े हुए पदाधिकारियों की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता करते हुए व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने कहा कि व्यापारियों की सर्वोच्च संगठन जिसको व्यापारी नेता लाला विशंभर दयाल अग्रवाल एवं श्रद्धेय पूर्व सांसद पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने व्यापारी हित के लिए 51 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का गठन कर प्रदेश के सभी व्यापारियों को एक झंडे के नीचे लाकर व्यापारी एकता को मजबूत किया था। श्री ओमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का त्रैवार्षिक चुनाव तथा व्यापारी महासम्मेलन 8एवं 9 सितंबर को आगरा में होगा। त्रिवार्षिक चुनाव तथा व्यापारी महासम्मेलन को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने पूरे जनपद के सभी बाजारों का दौरा पूर्ण कर लिया है। व्यापारी महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह है। मऊ जनपद से भी भारी संख्या में व्यापारी निर्धारित तिथि को आगरा रवाना होंगे। बैठक में कोपागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमृतलाल जायसवाल ,उपाध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, रोहित कुमार ओमर, विकास वर्मा, संदीप शर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन आईटी मंच के प्रदेश महामंत्री आनंद ओमर ने किया।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**चितबड़ागांव।** नरही कारों मार्ग पर ग्राम पंचायत मर्चीकलां थाना क्षेत्र नरही के अन्तर्गत मंगलवार की रात लगभग 9 बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत चितबड़ागांव के वार्ड नंबर 4 मालवीय नगर निवासी संतोष सिंह 30वर्ष पुत्र स्व शिवप्रताप सिंह अपनी बाइक से चितबड़ागांव स्थित लीटी चोखा की दुकान बंद कर अपने कारीगर को छोड़ने सोनवानी जनपद गाजीपुर जा रहे थे। अभी मर्ची कलां पहुचे थे तभी बाइक यूपी 60 एल 3503 जो असुंतलन होकर रोड के किनारे लगे विद्युत पोल में टकरा गई। जिसके चलते सिर में गंभीर चोट लगी। सूचना पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए नरहीं अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की शादी लगभग दो साल पुर्व बक्सर बिहार में हुई थी उसकी एक वर्षीया पुत्री भी है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**बहादुरगंज गाजीपुर।** रेप की घटनाओं के विरोध में आज बहादुरगंज बांका खास में स्थित सैनिक पब्लिक स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल की छात्राएं, स्टाफ, तथा नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना गीत से हुआ। तत्पश्चात स्कूल की छात्राओं ने अपने अपने अभिनय कौशल का लोहा मनवाते हुए गीत संगीत के ऊपर अभिनय तथा रेप एवं छेड़खानी, छींटाकशी का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया तथा आधी आबादी को उनका पूरा हक देते हुए उन्हें मजबूत करने और समाज में उन्हें बराबरी का दर्जा देने की बात कही गई और इसके लिए स्वयं के स्तर से प्रयास करने पर बल दिया गया।

## बलिया में इलाज के अभाव में मरीज ने बाथरूम में तोड़ दिया दम

# सीएमएस की बेरूखी से दो बच्चों के सिर से उठ गया बाप का साया

♦ परिजनों ने किया हंगामा, सीएमओ व सीएमएस के खिलाफ लगे नारे

तिलक कुमार /बलिया



कभी चिकित्सकों की लापरवाही तो कभी कर्मचारियों की मनमानी को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाला जिला अस्पताल एक बार फिर से सीएमएस की बेरूखी रवैये के कारण जुगेश्वर प्रसाद की मौत का सबब बन गया। बुधवार को बर्न वार्ड के बाथरूम में जुगेश्वर प्रसाद की जैसे ही गिरकर मौत हो गई, वैसे ही परिवार के उपर मानो दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। दो बच्चों के सिर से बाप का साया हमेशा के लिए उठ गया। इस दौरान मरीज के तीमारदारों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया और सीएमओ और सीएमएस के खिलाफ जमकर मुदार्बाद के नारे भी लगाए।

हुआ यूं कि बयासी निवासी जुगेश्वर प्रसाद के हाईड्रोसील में दिक्कत थी। जिसको लेकर उनके परिजन मंगलवार को जिला अस्पताल में लाए थे। तीमारदार के अनुसार इमरजेंसी में इलाज के बाद भर्ती के लिए जिला अस्पताल के नई वाली बिल्डिंग में उन्हें शिफ्ट किया गया था। आरोप है कि बुधवार को उन्हें चूंकि हाईड्रोसील में घाव हो गया था, लिहाजा नए भवन से बर्न वार्ड में जब उन्हें शिफ्ट किया जा रहा था, तब मरीज को स्ट्रेचर की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। इतना ही नहीं आरोप है कि जर्ब बर्न वार्ड में भर्ती किया गया तो तीमारदार द्वारा यहां तैनात चिकित्सक व सिस्टर से बार-बार विनती करने के बाद भी न तो पेशाब आदि कराने के लिए कोई उपकरण लगाए जा रहे थे औ न ही सुई दवा की जा रही थी। इसबीच आरोप है कि मरीज किसी वक्त पेशाब करने के लिए जैसे बर्न वार्ड के बाथरूम में गए, उसी वक्त गिरकर उनकी मौत हो गई। जबकि उस वक्त वार्ड में तैनात सिस्टर भी मरीज को देखना मुनासिब नहीं समझे। मौत की जानकारी होते ही जुगेश्वर प्रसाद की पत्नी जहां दहाड़े मारकर रोने लगी, वहीं अन्य तीमारदारों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान तीमारदारों ने सीएमओ व सीएमएस के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए।

#### तीमारदारों ने की मुआवजे की मांग

**बलिया।** चूंकि जुगेश्वर प्रसाद ही घर का एक मात्र कमाने वाला सदस्य था, जबकि घर पर दो बच्चे है। जिनकी पढ़ाई लिखाई अब ग्रहण लग सकता है। वहीं परिवार के सामने रोजी रोटी का भी संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में परिजनों ने जिला अस्पताल प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

#### संज्ञान में न होने की बात बोलकर पल्ला झाड़ लिए सीएमएस

**बलिया।** जिला अस्पताल के सीएमए डॉ. एसके यादव से जब इस बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जबकि सीएमएस कक्षा से कुछ ही दूरी पर हंगामा हो रहा था और परिजन दहाड़े मारकर रो रहे थे। सीएमएस ने बस इतना कहा कि अभी दिखवाता हूं।

## मनियर के वार्ड नंबर-14 में नाले में तब्दील हो जाती है सड़क



केटी न्यूज/बलिया

नगर पंचायत मनियर के वार्ड नम्बर-14 में पानी निकासी की मांगों को लेकर माले कार्यकताओं ने अधिशासी अधिकारी मनियर मनोज कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर-14 (छोटकी पटखौली) में पानी निकास न होने के कारण बस्ती के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। उल्लेख किया गया है कि बस्ती से पानी निकासी के लिए जो नाला बना है, वह आधा अधुरा निर्माण कर छोड़ दिया गया है। जिससे सारा पानी नाले में ही जाम हो जा रहा है। जिसके वजह से नाले का पानी ओवर होकर सड़क लग जा रहा है। आदर्श नगर पंचायत मनियर के ईओ से विनय कुमार उर्फ मीटर सिंह ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005की भाग6(1)के तहत चार बिंदुओं की मांग किया। जिसमें एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक का आउटसोर्सिंग का टेंडर किन ठेकेदारों से कराया गया। जिनका नाम व पता और स्वीकृति दर, आउटसोर्सिंग के अंतर्गत कितने कर्मचारियों की वेतन की मांग व सूची का विवरण और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नाम, पदनाम व भुगतान किया गया। इसके अलावा वेतन माह का विवरण का भी मांग किया गया है। फर्म ठेकेदार द्वारा दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक का दिया गया मस्टरोल चार्ट सीट की मांग किया।

## टीएस बंधे के समीप गुमटी पर हाई वोल्टेज का तार गिरने से युवक जख्मी

♦ अचानक विद्युत सप्लाई बंद हो जाने से बच गई युवक की जान

केटी न्यूज/बलिया



मनियर थाना क्षेत्र के टीएस बंधे पर देवापुर चौराहे के पास 11000 वोल्टेज का विद्युत तार अचानक टूट कर गिर गया। वहां किसी काम से जा रहे युवक विद्युत तार के चपेट में आ गया। विद्युत तार के करंट से वह उछलकर पानी में जा गिरा जिससे युवक झुलस गया। घटना मंगलवार की रात करीब 8 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि जब विद्युत तार टूटा तो उस रास्ते से किसी काम से कृपा शंकर प्रजापति उम्र 30 वर्ष पुत्र तिलक प्रजापति निवासी मनियर बस स्टैंड सरवार ककरघट्टी थाना मनियर जनपद बलिया विद्युत तार के चपेट में आ गया।

उसके बाद वह बगल के गड्ढे में पानी में गिर गया। ट्रिप होकर अचानक विद्युत सप्लाई बंद हो गई तथा किसी तरह से युवक की जान बची। युवक को लेकर लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पहुंचे जहां मौजूद फार्मासिस्ट ने युवक का इलाज किया। युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

#### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद नहीं रहता कोई डॉक्टर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर की दुर्व्यवस्था उस समय दिखता है जब कोई गंभीर अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचता है और वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। उसका इलाज फार्मासिस्ट के भरोसे होता है। यहां के प्रभारी दिग्विजय कुमार कभी कभार ही स्वास्थ्य केंद्र पर रहते हैं। रात में तो बिल्कुल नहीं रहते। वह सिकंदरपुर चले जाते हैं। उनके विरुद्ध तमाम धरना प्रदर्शन हुआ। यहां तक की विधायक केतकी सिंह ने लिखित शिकायत उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से किया था इसके बावजूद भी उक्त डाक्टर का के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## उत्तर प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग बीजेपी के सदस्य बने, जिला प्रभारी डा. राकेश त्रिवेदी ने की प्रेसवार्ता

# 10,000 से ज्यादा लोगों ने ग्रहण की भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता

केटी न्यूज/गाजीपुर



2024 भारतीय जनता पार्टी का संगठन वर्ष है। इसके सफलता एवं लक्ष्य पूर्ति के लिए व्यापक आन लाइन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस ऑनलाइन सदस्यता अभियान में 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके लोग भाजपा में अपनी आस्था, विश्वास व्यक्त करते हुए लगातार सदस्य बन रहे हैं। यह बात आज भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर प्रेसवार्ता में जिला प्रभारी डा. राकेश त्रिवेदी ने कही।

उन्होंने बताया कि सायंकाल से प्रारंभ सदस्यता अभियान में कल तीन सितंबर सायंकाल तक जनपद में लगभग 10,000 से ज्यादा महिला व पुरुष आन लाइन सदस्य बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इस सदस्यता महाअभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर किया था। तीन सितंबर की शाम तक उत्तर प्रदेश में लगभग 10 लाख से ज्यादा लोग अब तक पार्टी सदस्य बन चुके हैं। सदस्यता अभियान के लिए पार्टी ने बूथ स्तर पर अपनी मजबूत और व्यापक तैयारी करते हुए प्रत्येक स्तर पर संगठन कार्यकताओं को लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा की यह सदस्यता तीन चरणों में पूरी होगी। जिसमें पहले चरण की सदस्यता दो से 25 सितंबर तक और दूसरे चरण की सदस्यता एक से 15 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। जबकि तीसरे चरण में सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी। इस मौके पर डॉ. राकेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य संगठन ने निर्धारित किया है। एक मोबाइल नंबर से मात्र एक ही सदस्य बनाया जा सकता है। जबकि अपरिहार्य परिस्थितियों में जिन लोगों के पास मोबाइल नहीं है उनके लिए ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी सदस्य बनाने की व्यवस्था बनाई गई है। डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि 11 से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क अभियान तथा 12 सितंबर से प्रदेश पदाधिकारी पार्टी के मोर्चा कार्यकर्ता विशेष संपर्क करेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक रविवार को अटल सदस्यता पर्व मनाते हुए सदस्यता अभियान को तेज गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि एक से 15 अक्टूबर के बीच समाज के विभिन्न वर्ग जातिय समूहों के बीच विशिष्ट संपर्क किया जाएगा। सदस्यता अभियान से जुड़े किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 8860147147 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अवधेश राजभर, ओमप्रकाश

## जिला प्रभारी ने जंगीपुर विधानसभा के मलिकनाथपुर अनुसूचित बस्ती में चलाया व्यापक सदस्यता अभियान

केटी न्यूज/ गाजीपुर

भाजपा जिला प्रभारी डा. राकेश त्रिवेदी ने सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ करते हुए जंगीपुर विधानसभा के मलिकनाथपुर अनुसूचित जाति की बस्ती में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान के आज तीसरे दिन डा. राकेश त्रिवेदी एवं जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित पार्टी के अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश राम के गृह ग्राम बरहीं के मलिकनाथपुर बस्ती में पहुंचकर सैकड़ों लोगों को 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि सुचिता पूर्ण, समता और समरसता की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब से बनी है, तब से समाज का हर वर्ग सुखी और समृद्ध हुआ है। यह वही देश है जहां 2014 से पहले गरीब व मजदूर घर का मुखिया या कमाऊ सदस्य जब शाम को मजदूरी करके घर लौटता था तो उसके घर का चुल्हा जलता था। तब तक घर के बच्चे भूख से तिलमिलाते सो जाते थे। लेकिन आज वही देश है जहां हर व्यक्ति भय, भूख, भ्रष्टाचार से मुक्त परिवार के आवश्यकताओं से कम अपेक्षाओं की पुर्ति के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अतुलनीय काम हुआ है।

जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि समाज के अन्तिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने तथा उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक समृद्धि भाजपा की मूल विचारधारा है। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार राम ने सबके प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, प्रो शोभनाथ यादव, ओम प्रकाश राय, अवधेश राजभर, प्रवीण सिंह, अच्छे लाल गुप्ता ,अविनाश सिंह, निखिल राय ,मनोज सिंह ,चतुर्भुज चौबे, राजीव चौबे

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 05 सितंबर 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# सीएम बाल सेवा योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों का सात दिन हो निस्तारित: डीएम

केटी न्यूज/चंदौली

- बाहर का कोई भी आदमी दलाल के तौर पर कार्यालय में न रहे उपस्थित:निखिल टी. फुंडे
- जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला प्रोबेशन कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला चाइल्ड हेल्प लाइन, का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित पटल सहायकों से उनके द्वारा देखे जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी।इस क्रम में उन्हें अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) योजनान्तर्गत कुल 22 तथा स्पाशंरशिप योजनान्तर्गत कुल 140 आवेदको के आवेदन पत्र लम्बित है, जो जांच प्रक्रिया में है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर लम्बित आवेदन पत्रों की समस्त कार्यवाहियों पूर्ण कराते हुए उनकी स्वीकृति की कार्यवाही सुनिश्चित करायें तथा पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित किया जाय।



बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनसे सम्बन्धित पत्रावलियों, पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया, जिसके उपरान्त निर्देश दिये गये कि पॉक्सो प्रकरण में विशेष न्यायालय से जमानत की प्रति प्राप्त की जाय तथा एफआईआर दर्ज होते ही उसकी सूचना बाल कल्याण समिति को उपलब्ध करायी जाय।

किशोर न्याय बोर्ड में न्यायालय का कार्य चल रहा था। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिये गये कि चाइल्ड हेल्प लाइन पर प्रकरण लम्बित प्रकरणों को अविलम्ब निस्तारित किया जाय। साथ ही जो प्रकरण निस्तारित हो चुके है उन्हें केस पंजिका पर लाल पेंन, स्केच से केस क्लोज अंकित कर दिया जाय, साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि छेड़खानी तथा अन्य समस्त प्राप्त प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिदिन की सूचना तत्काल सूचना पुलिस अधीक्षक तथा सम्बन्धित थाने को प्रेषित की जाय। प्राप्त सभी प्रकरणों मे जिनका निस्तारण हो चुका है, का फॉलोअप निरन्तर किया जाय। निरीक्षण के दौरान श्री प्रभात कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्दौली, अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव एवं सदस्य धमेन्द्र कुमार सिंह, हरेराम पाण्डेय, ताहिर हुसैन, डॉ० किरन त्रिपाठी व संरक्षण अधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, कार्यक्रम समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन के साथ ही अन्य समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित, प्रत्येक को मिला 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य




**जौनपुर।** जिले में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नए सदस्य बनाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सबको 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया। राज्य सरकार मे मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि देश की लगभग 1,500 छोटी-बड़ी पार्टियों में भाजपा इकलौती पार्टी है, जो संगठन के संविधान के अनुसार चलकर प्रजातांत्रिक मूल्यों को जीते हुए चल रही है 18 करोड़ की सदस्यता होने के बावजूद पार्टी में हर छह वर्ष बाद सदस्यता का नवीनीकरण कराना होता है। बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को संगठन के महापर्व के रूप में मनाना है। पार्टी ने लोगों को सदस्य बनाने के लिए चार तरह की व्यवस्थाएं की हैं। इसमें ऑनलाइन, नमो एप, क्यूआर कोड और फार्म भरकर सदस्य बनाया जा सकता है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने वार्ड से 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसमें हरेक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की बदौलत आज संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। इस गौरव में जमीनी स्तर के हरेक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है।

### अल्पसंख्यकों से भेदभाव पर जताई नाराजगी



**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक बुधवार को मुख्यालय स्थित बिछियां धरना स्थल पर हुई। इसमें संगठन की मजबूती के साथ-साथ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।वहीं केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब मजलूम सहित अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव किए जाने पर नाराजगी जताई। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बिंद ने कहा कि केंद्र प्रदेश सरकार देश के आम आदमी को महंगाई और बेरोजगारी खाने का काम कर रही है। आम जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। नौजवान किसान सहित समाज के सभी वर्ग परेशान हैं। सरकार की गलत नीतियों के अति पिछड़ा और पिछड़े समाज को आरक्षण के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। पार्टी केवट,बिंद, निषाद, प्रजापति, राजभर, बियार सहित अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण के लिए संघर्ष करने में पीछे नहीं रहेगी। इसके लिए जल्द ही जनपद में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्रेम कुमार पासवान, राम अवतार बिंद, मोतीलाल बिंद, रामलाल बिंद, बब्बन बिंद,अभिमन्यु सिंह, रमेश बिंद, रणधीर बिंद, जितेंद्र बिंद उपस्थित रहे। संचालन गणेश बिंद ने किया।

### कई आंदोलनों से सपा पूर्व सांसद ने बनाई दूरी

**चंदौली।** लगातार कई आंदोलन से दूरी बनाये रखने के कारण समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद पुराने समाजवादियों में गिने जाने वाले राम किशुन यादव और उनके परिवार से जुड़े राजनैतिक लोगों की सपा से निष्ठा पर सवाल उठने लगे हैं। जब सपा का गठन हुआ तो वह पहले जिलाध्यक्ष भी रहे हैं इसके साथ-साथ दो बार विधायक व एक बार सांसद भी रह चुके हैं, लेकिन इन दोनों कई कार्यक्रमों मैं दिखाई नहीं दे रहे हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है। यही नहीं लोगों में यह भी चर्चा है कि लोकसभा चुनाव से पहले से ही वह किसी कार्यक्रम में व आंदोलन में भाग नहीं ले रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### रंगदारी व हत्या के प्रयास का अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल,गिरफ्तार



**जौनपुर।** दो थानों की संयुक्त पुलिस टीम के साथ देर रात बाइक सवार बदमाशो से मुठभेड़ हो गई।मुठभेड़ के दौरान बदमाशो और पुलिस के बीच चली गोली में एक बदमाश घायल हो गया वही उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। घायल बदमाश की तलाशी में पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट की बाइक तथा 700 रुपये नगद बरामद किया है। पकड़ा गया बदमाश रंगदारी व हत्या के प्रयास में वांछित था। पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार थाना मड़ियाहूं व सिकरारा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।इसी दौरान सर्विलांस टीम के मैसेज पर थाना मड़ियाहूं क्षेत्र के मोकलपुर बाबागंज के पास मोटरसाइकिल पर दो बदमाशों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने जबाबी फायरिंग की जिसमे पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया तथा दूसरा साथी अंधेरे के लाभ मिलने पर मौके से फरार हो गया।

### कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें अभ्यर्थी : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत बुधवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 1335 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति पत्र लोक भवन सभागार में किया गया। इसी क्रम में जनपद में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर पवन कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया तथा अवर अभियंता दीपक कुमार पटेल, अनिल कुमार यादव और विकास कुमार को नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गयी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए विपक्षी नेताओं पर किया करारा हमला

# सूबे में बुलडोजर चलाने के लिए चाहिए बुलडोजर जैसी क्षमता : सीएम योगी

केटी न्यूज/लखनऊ

- कहा- बुलडोजर पर फिट नहीं हो सकता हर हाथ
- दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर के सामने हो जाएंगे पस्त

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिना नाम लिए ही इशारों-इशारों में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर करारा प्रहार किया। उन्होंने विपक्षी नेताओं को लताड़ लगाते हुए चुनौती दी कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे। सीएम योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां नियुक्ति पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। न जाति का भेद, न क्षेत्र का। केवल प्रतिभा और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। वहीं, पहले जनता ने जिन लोगों को अवसर दिया था उन्होंने अपनी अराजक और भ्रष्टाचारी गतिविधियों से पहचान का संकट खड़ा किया और फिर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का काम किया था। पहले जाति-जाति को लड़ाया, फिर मत और मजहबों को आपस में लड़ाने का काम किया। उत्तर प्रदेश महीनों दंगों की आग में झुलसता रहा। आज ये लोग फिर से अपना रंग रोगन बदलकर नए रूप में प्रदेश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं।

**निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे कार्मिक तो यूपी बनेगा नंबर वन इकॉनमी :** सीएम योगी ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में नियुक्ति की जो प्रक्रिया पारदर्शिता और शुचितापूर्ण ढंग से आगे बढ़ी हैं। यह सात वर्ष पूर्व संभव नहीं था। आज हमने साढ़े 6 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां की हैं। इन युवाओं ने अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ प्रदेश को दिया है। आज



जब हमारे पास मैनपावर की कमी पूरी हुई है तो यही प्रदेश जो देश के विकास का बैरियर माना जाता था, सरपट दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना है। साढ़े सात वर्ष पूर्व यह प्रदेश देश की सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था, आज यही नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है। नियुक्ति की प्रक्रिया आज जितनी पारदर्शी, निष्ठा और ईमानदारी के साथ हो रही है, उसी निष्ठा और ईमानदारी से कार्मिक कार्य करने लग जाएंगे तो अगले तीन चार साल में यह प्रदेश नंबर एक अर्थव्यवस्था होगा। नंबर एक की अर्थव्यवस्था का मतलब, हर हाथ को काम होगा, हर चेहरे पर खुशहाली होगी, हर बेटी सुरक्षित होगी, हर व्यापारी का सम्मान होगा, अन्नदाता किसान प्रसन्न होगा और चहुंओर खुशहाली होगी।

**पहले वेतन के नहीं थे पैसे, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बना यूपी :** सीएम योगी ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी तरीके से जो प्रक्रिया अपनाई है, आपसे भी उसी पारदर्शी प्रक्रिया की अपेक्षा रखते हैं। जनता से जुड़े हुए कोई भी कार्य में देर नहीं होनी चाहिए। हमें ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जब हम लोग आए थे तब ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश 14वें नंबर पर था और आज हम अचीवर स्टेट हैं। हमने रिफॉर्म किए. प्रदेश को आगे बढ़ाया।

### योग्यता व क्षमता के बाद भी बैरियर हटाने का काम करेंगे

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले जो लोग प्रदेश में लूट खसोट मचाए थे, आज जब उनके सपनों पर पानी फिर चुका है तो अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। कई वर्ष पहले एक धारावाहिक आया था, मुंगेरीलाल के हसीन सपने। आज ये भी यही सपने देख रहे हैं। जब जनता ने इन्हें अवसर दिया था तब इन्होंने प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। यहां के युवाओं के सामने, व्यापारियों के सामने, उद्यमियों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। सीएम योगी ने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया कि यदि आपमें योग्यता और क्षमता है तो आपका सेलेक्शन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे। जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे उनकी संपत्ति को कुर्क करके गरीबों में वितरित करने का भी काम करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र क्यों नहीं मिलता था, क्योंकि इनकी नीयत साफ नहीं थी। चाचा और भतीजे में वसूली को लेकर होड़ रहती थी कि कौन कितना वसूल करेगा।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने चयनित अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

केटी न्यूज/मऊ

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति पत्र चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति ०पत्र वितरण किया।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।मा0 मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334



अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी परीक्षाएं निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया कि यदि आपमें योग्यता और क्षमता है तो आपका सेलेक्शन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे।

## सीनियर पुरूष वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

**मऊ।** क्रीड़ा अधिकारी डी0पी0सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 09-11 सितम्बर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में किया जा रहा है। प्रतिभाग करने वाले सीनियर पुरुष वालीबाल खिलाडीयों का जनपद स्तरीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 05 सितम्बर, 2024 को डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में सायं 03:00 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सीनियर पुरूष वालीबाल खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक सांसद की अध्यक्षता में संपन्न

- जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक, मिलकर करें, जनपद का विकास : सांसद

केटी न्यूज/मऊ

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय सांसद घोसी राजीव राय जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक के प्रारंभ में ही माननीय सांसद ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं। मिलजुल कर कार्य करने से हमारे जनपद का ही विकास होगा। अतः विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनकी प्रगति से नियमित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए उनके संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग लें। मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद स्तर पर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सांसद जी ने पोखरों के जीणोर्धार की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश डीसी मनरेगा को दिए, जिससे इनकी रैंडम जांच की जा सके। जनपद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की प्रगति एवं गढ्ढा मुक्ति हेतु प्राप्त बजट एवं उनकी खर्च की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश सांसद जी ने दिए।



## पीयू के प्रो.रजनीश भास्कर को लायंस क्लब ने किया सम्मानित

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर रजनीश भास्कर को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को लायंस क्लब द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर वीएस उपाध्याय ने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया और उनकी भूमिका को समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल ज्ञान के स्रोत होते हैं, बल्कि वे समाज के व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ उपाध्याय ने शिक्षकों को समाज का पथप्रदर्शक बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण के बिना समाज का विकास संभव नहीं है।

## स्वास्थ्य महकमे एवं जिला प्रशासन को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम

# अस्पताल की बदहाली पर भड़के सपाई ने किया धरना प्रदर्शन

केटी न्यूज/ चंदौली

कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यस्था समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी ने जिला अस्पताल के बाहर सैकड़ों की संख्या में धरना प्रदर्शन किया ।धरना प्रदर्शन के बाद एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए जॉइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह को पत्रक सौंपा. वहीं जॉइंट मजिस्ट्रेट ने भी अपनी निगरानी में इन समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिया।

इस दौरान सांसद बीरेंद्र सिंह ने कहा कि लंबे समय से कार्यकताओं व आमजनमानस की तरफ से जिला अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यस्था की शिकायत मिल रही थी, यहां आने पर देखने को मिला कि पूरे परिसर में जल भराव है, गंदगी का अंबार लगा




हुआ है, मरीज उसी गंदे पानी से आने जाने को मजबूर दिख रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना दो हजार मरीजों की ओपीडी है,लेकिन उसके लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर मात्र दो हैं ।मरीजों की जाँच रजिस्ट्रेशन काउन्टर व सेम्पल एकत्र करने के भी काउंटर बढ़ाये जाय। यहां तैनात सैकड़ों की संख्या में जूनियर व सीनियर डॉक्टर बिना ड्यूटी पर आए ही सैलरी ले रहे हैं,जबकि वे अपना निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। इनकी उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेंडेंस हो,उसी के आधार पर सैलरी का भुगतान हो। सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने भी स्वास्थ्य महकमे की खामियां गिनाते हूए सीएमओ, सीएमएस और मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को जमकर लताड़ा. कहा कि संचारी अभियान चलाया जा रहा है, जबकि जिला अस्पताल और पोस्टमार्टम हाउस में ही नारकीय स्थिति बनी हुई। पिछले कई महीनों से यहां हालत बदहाल है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया गया। चेताया की एक सप्ताह के अंदर यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो दोबारा धरने पर बैठने का काम किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमें की होगी। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि महिला अस्पताल (हेरिटेज) में स्थिति खराब है, इसके अलावा जिले भर के सीएचसी व पीएचसी पर डॉक्टरों के न रहने व दवाओं की कमी की शिकायत रहती है। इसे भी तत्काल दूर कराया जाय।इस दौरान मुसाफिर सिंह चौहान, चंद्रभानु यादव, रमेश यादव, औसाफ अहमद, जितेंद्र कुमार, राजकुमार, चंद्रशेखर यादव, चकरु यादव, राम धवल पासवान, अश्विनी सोनकर, नफीस अहमद, गुलाब गोंड, सुरेंद्र यादव, आरती यादव, गार्गी पटेल, निरंजन कन्नौजिया, मीरा यादव, दिलीप पासवान उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम मोहम्मदाबाद गोहना का हुआ निरीक्षण

केटी न्यूज/मऊ

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ रामेश्वर के मार्गदर्शन में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ द्वारा वृद्धाश्रम मोहम्मदाबाद गोहना का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मेरे साथ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम से चीफ मो0 मुकद्दस जरीफ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मु0बाद गोहना से चिकित्सक डा0 सुशील कुमार, डा0 धर्मेन्द्र आदि चिकित्सक गण उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा वृद्धाश्रम में दिनांक 28 अगस्त 2024 को आयोजित विधिक



जागरुकता शिविर के दौरान वृद्धजन द्वारा अवगत करायी गयी विभिन्न प्रकार की समस्या वृद्धा पेंशन नही प्राप्त होने, आँख कान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से हो रही परेशानी के निराकरण हेतु उपस्थित चिकित्सक गण के द्वारा वृद्धजन के ब्लड प्रेशर, शुगर, एवं ब्लड की जांच की गयी तथा निःशुल्क दवा का वितरण कराया गया साथ ही चिकित्साधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी को पत्र के माध्यम से वृद्धाश्रम मे निवासरत वृद्धजनों को आंख हेतु चश्मा एवं आंख की समस्या, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा व सुनने के लिए कान की मशीन उपलब्ध कराये जाने के बावत निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में कुल 111 निवासरत वृद्धजन पाये गये जिसमें 78 पुरुष एवं 33 महिला थी। पूछताछ के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि उनको सुबह नाश्ते में चने की घुघनी एवं चाय दिया गया है।

## सुभाषितम्

यदि हम समाधान का हिस्सा नहीं हैं तो इसका मतलब यही है की हम खुद समस्या हैं - कहावत

# सेबी पर लगे आरोपों की जांच जेपीसी की कसौटी में

सेबी अर्थात भारतीय प्रतिभूति- विनिमय बोर्ड की चेयरपर्सन श्रीमती माधवी बुच के उपर लगे आरोपों ने, देश के वित्तीय और राजनीतिक माहौल में तूफान पैदा कर दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के सवालों ने सेबी की स्वतंत्रता और निष्पक्षता, माधवी बुच के कामकाज को लेकर गंभीर आरोप लगाकर सेबी के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। श्रीमती बुच, सेबी में आने के पहले आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत थीं। सेबी में उनकी नियुक्ति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पवन खेड़ा का आरोप है, कि उन्होंने सेबी की पूर्णकालिक निदेशक बनने के बाद, आईसीआईसीआई बैंक से आर्थिक लाभ प्राप्त किए हैं। जो कि नियमों के खिलाफ हैं। अगर ये आरोप सही हैं तो माधवी बुच को सेबी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। वह इस्तीफा नहीं देती हैं, तो सरकार को उन्हें हटाना ही पड़ेगा। सेबी जैसी संस्था के कामकाज, निष्पक्षता और ईमानदारी को लेकर जो आरोप लगे हैं वह नियामक संस्था सेबी के लिए एक बड़ा काला धब्बा साबित हो सकता है। देश के पूंजी बाजार की निगरानी और छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाई गई सेबी के कामकाज को लेकर पहली बार इतने बड़े गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जो आरोप लगे हैं, क्या इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी? अब तक सरकार, या सेबी प्रमुख श्रीमती बुच की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। जिससे जनता के मन में संदेह बढ़ता जा रहा है। जी न्यूज के प्रमुख सुभाष चन्द्रा, पूर्व राज्यसभा सदस्य ने भी बड़े गंभीर आरोप माधवी बुच की कार्य प्रणाली को लेकर लगाए हैं। उन्होंने तो रिश्वत का सीधा आरोप भी लगा दिया है। ऐसी स्थिति में क्या यह संभव है, एक स्वतंत्र और पारदर्शी जांच शुरू हो जाएगी। सरकार ने जिस तरीके की चुप्पी साध रखी है। सेबी प्रमुख की ओर से भी कोई सफाई नहीं आ रही है। सरकार जिस तरीके से माधवी बुच का बचाव कर रही है। इतने भयंकर आरोप क्या राजनीतिक रस्साकशी में उलझकर रह जाएंगे? सरकार और संबंधित संस्थानों पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं। उनकी जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि दोषियों को दंड मिले। सेबी जैसी संस्था की साख और देश के करोड़ों निवेशकों का विश्वास बनाए रखना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत आवश्यक है। सेवी के कामकाज पारदर्शिता और जवाबदेही की संवैधानिकता और निष्पक्षता बनाए रखना जरुरी है। सरकार द्वारा तुरन्त कार्यवाही नहीं की गई, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को बचा पाना मुश्किल हो सकता है। भारत के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का बहुत बड़ा निवेश शेयर बाजार में है। बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, वित्तीय संस्थानों, म्युचुअल फंड एवं छोटे निवेशकों के खरबों रुपयों के निवेश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष माध्यम से शेयर बाजार में निवेष हैं। जिस तरह की गड़बड़ी सामने आ रही है। यदि यह आरोप सच साबित हुए, तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शेयर बाजारों में भयंकर तूफान आना तय है। दुनिया के देश वैसे भी भयंकर आर्थिक मंदी की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे समय पर शेयर बाजार की कोई भी अस्थिरता अर्थ व्यवस्था को तहस-नहस कर सकती है। आने वाले दिनों में क्या यह सब देखने को मिलेगा? आरोपों का क्या नतीजा निकलता है। देश की जनता इसका जवाब चाहती है। हिडनबर्ग ने जो आरोप इसके पूर्व लगाए थे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जो जांच की जा रही थी। अभी तक वह जांच पूरी नहीं हो पाई है। अब इस मामले में खुद सेवी प्रमुख माधवी बुच पर दस्तावेजी आरोप लगाए गए हैं। ऐसी स्थिति में आरोप सही हैं या गलत, इसका खुलासा निष्पक्ष जांच के माध्यम से ही सम्भव है। यह जांच जेपीसी के बिना संभव नहीं है। सेवी को विशिष्ट संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। सेबी प्रमुख की जांच ईडी और सीबीआई भी नहीं कर सकती है। पहले भी शेयर बाजार से संबंधित घोटाले की जांच जेपीसी के माध्यम से हुई है। जल्द ही सरकार को इसकी घोषणा करनी चाहिए, अन्यथा गंभीर आर्थिक और राजनीतिक परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

## चिंतन-मनन

# पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है। यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना घोर अज्ञान मनुष्य को पशुओं के वध की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर ने अनेक अच्छी वस्तुएं प्रदान की हैं। यदि कोई किसी कारण मांसाहार करता है, तो यह समझना चाहिए कि वह अज्ञानवश ऐसा कर रहा है और अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहा है।

# भारतीयता के अनुरूप शिक्षा से ही नया भारत संभव

-ललित गर्ग



शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को संकटों में भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 घोषित की गयी, इसको लेकर देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। भारत की नई शिक्षा नीति में शिक्षा व्यवस्था के अलावा शिक्षकों की योग्यता एवं गुरुता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे देश में एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। इसके लिये अपेक्षित है कि केवल शिक्षा क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति का शंखनाद हो। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- शिक्षक वर्ग। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण यानी नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत का गुरुतर दायित्व है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह सकती है। वैदिक काल से ही भारत शैक्षणिक स्तर पर समृद्ध रहा है। इसी शिक्षा के आधार पर भारत विश्वगुरु कहलाता रहा है। गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली भारतीय परंपरा का प्रमुख अंग है। नालंदा और तक्षशिला की स्थापना तथा इसके प्रभाव से भारतीय शिक्षा व्यवस्था की समृद्ध परंपरा को जाना जा सकता है। लेकिन आजादी के बाद से हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश ढांचे पर अग्रसर हुई है, जिसके कारण शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे है।

शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। वैश्वीकरण के इस दौर में हमारा समाज एक अज्ञात भविष्य की ओर अग्रसर दिखाई देता है। बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधनों के साथ हमारे देश को नई समस्याओं का सामना करना है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें ऐसे ज्ञान, कौशल और दक्षता की आवश्यकता होगी जो हमारी समस्या समाधान में योगदान कर सके। हजारों की संख्या में उच्च शैक्षणिक, शोध संस्थानों तथा मानव संसाधन की प्रचुरता के बावजूद भारत में अभी ज्ञान संस्कृति का विकास और विस्तार तीव्र गति से नहीं हो पाया है। हमारी बौद्धिक संपदा का व्यावहारिक उपयोग भी नाकाफी है। आज प्रतिभा पलायन भारत की एक बड़ी समस्या है। 2011 की जनगणना के अनुसार 26 प्रतिशत से अधिक भारतीय अभी भी निरक्षर हैं जो कि बेहद डरावना आंकड़ा हैं क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हमारी महत्त्वकांक्षाएं इससे ज्यादा की मांग करती है। नई शिक्षा नीति में पारंपरिक से आधुनिक शैक्षणिक प्रतिमानों में गहरा बदलाव करके पूर्ण मानवीय क्षमता को प्राप्त करने, एक समतापूर्ण समाज विकसित करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयत्न हो रहे हैं। अब अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र छात्र विकास की दिशा में एक आदर्श बदलाव की शुरूआत हो रही है। इस समकालीन शैक्षिक परिदृश्य में, क्या सीखना है से लेकर कैसे सीखना है, इस पर जोर दिया जाता है। आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेने और समस्या-समाधान के कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यह उद्यमशीलता, नवाचार और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों को विकसित करने के महत्व को रेखांकित करती है। भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग का गवाह बन रहा है। भारत में शिक्षा ने अब खुद को पुनर्गठित किया है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि हमारे दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी कितनी आवश्यक है। इसी शिक्षा के कारण भारत का भाल आज भी गर्व और गौरव से उन्नत है। भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है- ह्यह्यभारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो। महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। इन्हीं सब चचाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था? यह स्वप्न है जिसके माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास, व्यवहार को परिष्कृत करना तथा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना। शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो। हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान-दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में - ह्यव्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है ह्व हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। आजादी के अमृतकाल यानी पिछले 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं तो कई ऐसे प्रश्न हैं जो हमारी शिक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती हैं। वैश्वीकरण और बाजारीकरण के दौर में हमारी शिक्षा व्यवस्था को भारतीयता के अनुकूल बनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में विद्यार्थियों के संदर्भ में एक शिक्षक की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण होती जा रही है क्योंकि उसे न केवल बच्चों का बौद्धिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक तथा शारीरिक विकास करना है बल्कि सामाजिक, चारित्रिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास भी करना है।

# ब्रह्माकुमारीज में प्रतिदिन परमात्मा ही पढ़ाते है!

-डा. श्रीगोपाल नारसन

शिक्षक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज एक ऐसा स्थान है जहां परमात्मा स्वयं पढ़ाते है और परमात्मा ही एक मात्र शिक्षक व गुरु है, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक ऐसी अनूठी आध्यात्म ज्ञान और चरित्र निर्माण की शिक्षण संस्था है, जहां प्रतिदिन स्वयं परमात्मा ही पढ़ाते है।जो पाठ प्रतिदिन ब्रह्माकुमारीज के 140 देशों में फैले साढ़े आठ हजार सेवा केंद्रों पर निमित्त भाई बहनों द्वारा पढाया जाता है। उसे ईश्वरीय वाणी ही कहा जाता है इस मुरली रूपी पाठ मे परमात्मा सीधे अपने बच्चो अर्थात इस संगम युगी आत्माओ से संवाद करते है यह मुरली विभिन्न भाषाओ मे छपकर दुनिया के 140देशो मे एक साथ प्रसारित होती है. मुरली की भाषा कोई भी हो लेकिन सबमे विचार एक ही होता है मजेदार बात यह भी है कि यह मुरली प्राय दुनिया मे सब जगह स्थानीय समय के अनुसार सुबह, दोपहर, शाम एक ही समय पर पढ़ी व सुनाई जाती हैं यह मुरली जो कि चार पृष्ठों मे समाहित होती है, मे जीवन की हर समस्या का समाधान भी सहज ही मिल जाता है यदि आप रोज मुरली सुनते या पढ़ते है तो आपके मन मे कोई भी शंका, समस्या, प्रश्न पैदा होता है तो उसका उत्तर आपको हर हालत मे मुरली के अंदर ही मिल जाएगा`इसके लिए अलग से किसी शिक्षक, गुरु, संत, महात्मा के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी मुरली मे पांचो विकारो से मुक्ति के उपाय सुझाये जाते है तो इन विकारो को छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया जाता है सबसे बड़ी बात यह है कि मुरली किसी धर्म विशेष का प्रचार नहीं करती, मुरली मे हिन्दू सनातन. मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध आदि धर्मों की विशेषताओं और उनके प्रति सम्मान भी अभिव्यक्त किया जाता है`तभी तो इस संस्था मे सभी धर्मों से जुड़े लोग श्रद्धा भाव के साथ दौड़े चले आते है दरअसल मुरली हमें वास्तविक गीता का ज्ञान देती है, जो परमात्मा शिव के द्वारा रचित है इस मुरली मे हर रोज नए विषय पर ज्ञान चर्चा होती है और मनुष्य के आदि, मध्य, अंत के बारे मे बताया जाता है`वास्तव मे मनुष्य है क्या? वह कहा से आता है, कहा चला जाता है`परमात्मा कौन है, उसका क्या स्वरूप है, परमात्मा का आत्मा से क्या संबंध है आत्मा हमारे शरीर मे कहा रहती है`शरीर के बजाए आत्म स्वरूप मे रहने के क्या फायदे है परमात्मा को याद करना क्यों जरूरी है, परमात्मा को याद करने की उत्तम विधि क्या है. हम हर समय सामान्य कामकाज करते हुए व गृहस्थ मे रहकर भी संत समान कैसे रह सकते है, इन सब पर मुरली मे पढ़ने व सुनने को मिलता है `सबसे बड़ी बात मुरली मे यह है कि जो व्यक्ति नियमित मुरली सुनता है या फिर पढ़ता है वह शंकाओ और दुविधाओ से दूर हो जाता है उसके मन मे व्यर्थ के विचार आने कम हो जाते है और उसकी अच्छा सोचने व अच्छा करने की शक्ति पढ़ जाती है`मुरली सुनना भी एक प्रकार का नशा है जिसे हम ईश्वरीय प्रेम का नशा भी कह सकते है`मुरली से अंहकार से मुक्ति मिल जाती है`व्यक्ति निरहंकार युक्त जीवन जीने मे आनंद प्राप्त करता है`चूंकि मुरली सीधे सीधे ईश्वरीय वाणी है इसलिए उसमे दिये संदेशो को परमात्मा का संदेश मानकर लोग अपने जीवन को शांतिमय व सुखमय बना लेते है। मुरली केवल ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्रो पर संस्था से जुड़े लोगो के लिए ही उपलब्ध नहीं बल्कि जनसामान्य के लिए भी नेट पर, पीस आफ माइंड चैनल पर, रेडियो मधुबन पर, वाहट्स ऐप पर, फेसबुक पर मौजूद रहती है`लेकिन मुरली की संवाद भाषा थोड़ी अलग है इसलिए इसे सुनने व पढ़ने से पहले यदि ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा निशुल्क संचालित सात दिन का आध्यात्मिक ज्ञान पाठ्यक्रम पूरा कर लिया जाए तो मुरली सहजता से समझ आने लगेगी और जीवन को सफल बनाने मे मदद मिल जायेगी। हमारा सबसे बड़ा गुरु परमपिता परमात्मा शिव हैं जिन्हें हम अलग-अलग नामों के साथ याद करते हैं। परमात्मा एक है और आत्मा उस सचे परमपिता परमात्मा की संतान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान काल में प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय यही सेवा कर रहा है कि हर एक आत्मा परमात्मा को पहचान कर अपना तीसरा नेत्र खोले और परमात्मा के सिवाए कोई मानवीय आत्मा किसी का भी तीसरा नेत्र नहीं खोल सकती। संसार में गुरुओं के बारे में जो दावे किए जाते हैं कि वह अपने भक्तों के सभी पापों को खत्म करने में सक्षम होते हैं एवं सभी देवताओं के ऊपर हैं इत्यादि, यह सभी दावे केवल उस एक सतगुरु परमात्मा के लिए ही किए जा सकते हैं, न कि किसी देहधारी के लिए क्योंकि अन्य सभी तो हमारे जैसे नश्वर प्राणी हैं जो समय और प्रकृति की सीमाओं से बंधे हुए हैं। अतः वे एक सीमित हद तक ही हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। दूसरा किसी अन्य व्यक्ति के पापों को खत्म करने की अवधारणा कर्म के कानून के विपरीत है क्योंकि उसके अनुसार हर आत्मा को उसके कमार्नुसार फल की प्राप्ति होती है। अतः पापियों के पाप यदि कोई हर सकता है तो वह केवल एक सतगुरु परमात्मा ही हैं जो गुरुओं के भी गुरु हैं। वर्तमान समय में नकारात्मक माहौल और भावनाओं ने सभी के मन के ऊपर अपना साम्राज्य बना लिया है, जिसके फलस्वरूप सभी मनुष्य आत्माएं धर्म की छत्रछाया में एक स्थाई शरण खोजने में असमर्थ हो रही हैं। यह लक्षण उस शुभ घड़ी की ओर इशारा कर रहे हैं, जब सर्वोच्च सत्ता परमात्मा स्वयं मार्गदर्शक के रूप में हम सभी आत्माओं का मार्गदर्शन करने आएंगे और जीवन मुक्ति के पथ की ओर चलने की हमारी यात्रा का नेतृत्व करेंगे। गुरु-शिष्य परंपरा तो हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारे देश में शिक्षक अर्थात गुरु को तो भगवान से भी बढ कर बताया गया है। संस्कृत का यह श्लोक दशार्ता है कि प्राचीन काल से ही भारत में गुरुजनों को कितना सम्मान दिया जाता रहा हैः गुरुर्ब्रह्मा ग्रुरुर्विष्णुः गुरुदेवो महेश्वरः । गुरुः साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ अर्थात गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही शंकर है; गुरु ही साक्षात परमब्रह्म अर्थात परमात्मा शिव हैं; ऐसे गुरु का मैं नमन करता हूँ। आज शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बदल चुकी है, जहाँ पहले गुरुकुल प्रणाली के अंतर्गत शिक्षा दी जाती थी वहीं आज ई लर्निग का चलन आ चूका है। आज हम डिजिटल इंडिया में प्रवेश कर चुके हैं, जिसका असर हमारी शिक्षा प्रणाली पर भी पड़ा है। घर बैठे सात समुंदर पार के शिक्षक भी हमारे शैक्षणिक विकास में सहयोग दे रहे हैं। किन्तु आधुनिकता और नई तकनिकी के इस दौर में हमारे शिक्षकों की भूमिका पर शिक्षक दिवस का महत्त्व क्या है इस पर विचार करना भी आज की प्रासंगिता है क्योंकि आज जहाँ एक तरफ हमारे साक्षरता की दर बढ़ रही हैं वहीं दूसरी तरफ समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है। आज देश में बढती अराजकता के लिये कहीं न कहीं हमारी शैक्षणिक व्यवस्था भी जिम्मेदार है। बाल्यवस्था की शिक्षा वह नीव है जहाँ आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का बीज भी रोपित किया जाता है, जिससे बचपन से ही बच्चे सामाजिक मूल्यों को समझ सकें। परंतु हमारे देश की ये कड़वी सच्चाई है कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिती तथा बुनियादी शैक्षणिक ढांचे में बहुत कमी है। आज उच्च गुणंवत्ता वाली शिक्षा के लिये अधिक फीस देनी पड़ती है, जो सामान्य वर्ग के लिये एक सपना होती है। लिहाजा एक बहुत बड़ा बच्चों का वर्ग उचित शिक्षा के अभाव में रास्ता भटक जाता है। कई जगहों पर तो नकल से पास कराने में शिक्षक इस तरह सहयोग करते हैं कि, बच्चों के मन में उनके प्रति सम्मान न रहकर एक व्यवसायी की तस्वीर घर कर जाती है।

# न्याय या फौरी इंसाफ

- विजय कुमार तिवारी

आजकल एक हवा चली है की कोई भी आपराधिक घटना हो जाए और मामला किसी पार्टी या संगठन से जुड़े व्यक्ति का हो तो तुरंत ही चक्का जाम या थाने का घिराव होना लाजमी है ! और मामला बलात्कार का हो या लड़की को अगवा करने का हो तब तो फौरी इंसाफ की बात होती है ---मामला यह हो जाता है की आरोपी को भीड़ अपराधी घोषित कर देती है , भले ही कोई सबूत हो या नया हो ! इसमे राज नताओ और राजनीतिक पार्टियों की भी भूमिका काम नहीं ---वे भी आग में घी डालने का काम करते है , बशर्ते सरकार उनके विरोधी की हो , जैसा की बंगाल के कलकत्ता मे हुआ। हालत इतने उलझ गए की बंगाल की विधान सभा मे ममता सरकार ने एक कानून ही पारित कर दिया की बलात्कार के दोषी को फांसी की सजा दी जाए। अब सरकार में विधि सचिव की बुद्धि और ज्ञान सब कुछ मंत्री के आदेश के सामने लाचार हो गए। दिल्ली में हुए निर्भया कांड में भी जनता ने ( राजनीतिक दलों नहीं लेने दिया गया था त्न ऐसी ही मांग रखी थी। केंद्र ने भी जनता की मांग पर सुप्रीम कोर्ट के सेवा निव्रत प्रधान न्यायाधीश वर्मा की अध्यक्षता मे एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। उन्होंने अपनी सम्मति मे लिखा था की आरोपी के लिए निर्धारित प्रक्रिया से ही अपराधी घोषित किया जा सकता है , तब ही उसे सजा दी जा सकती है। निर्भय कांड मे दोषियों को सजा ह्वफांसीह्व सालों बाद दी जा सकी। लिखने का तात्पर्य यह है की दोषियों की गिरफ़्तारी और जल्दी सुनवाई की मांग तो की जा सकती है और उसे सरकार पूरा भी कर सकती है , पर सरकार किसी भी कानून द्वरा आरोपी को सजा नहीं दे सकती। अब यह स्थिति सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओ को मालूम भी होती है , परंतु राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए वे अपने भासनों मे आरोपियों को तुरंत लटकाये जाने की मांग करते रहते है। अब ऐसे नेताओ से कौन पूछे की किस ह्वविधिह्व से आंदोलनकारियों की मांग को ह्वतुरंत पूरा किया जा सकता है ? वे कभी भी इस सवाल का जवाब नहीं दे पाएंगे। क्यूंकी भारत में नये की एक प्रक्रिया है जो सभी देश के नागरिकों पर लागू होती है। अदालत के चे चरण होते है , पहला मजिस्ट्रेरयत फिर सेशन कोर्ट तब हाई कोर्ट और अंत में सुप्रीम कोर्ट। सेशन कोर्ट दोषों को फांसी ई सजा सुन तो सकता है --- परंतु उस पर मुहर हाई कोर्ट का लगाना जरूरी है। अर्थात हाई कोर्ट तक मामले की सुनवाई तो होगी ही। अब आंदोलनकारियों की मांग को पूरा करने के लिए इन अदालतों को सभी काम छोड़कर उस एक मामले की सुनवाई के लिए तैयार बैठे !! ऐसा हो नहीं सकता क्यूंकी यह संभव ही नहीं असंभव ही है। तब बार क्यू दोषी को तुरंत फांसी देने का आश्वासन और कानून ?? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ओक ने अभी अपने एक भसन मे कहा भी है की भीड को तुरंत न्याय देने के बयान बिल्कुल गलत है। यह न्याय प्रक्रिया को चोट पँहुचते है। तो यह है सुप्रीम कोर्ट की रॉय। हाँ हरियाणा में पाँच युवकों ने जिन्हे गौ रक्षक बताया जा रहा ही उन्होंने एक कार मे सवार परिवार पर इसलिए गोलिया बरसा कर एक युवक की हत्या कर दी , क्यूंकी उनके अनुसार उन्हे सूचना मिली थी की कर में गौ तस्कर घूम रहे है। इसलिए उन्होंने कार का पीछा कर के चलती कार पर गोली वर्ष कर दी !! अब दो सवाल है की यह गौ तस्कर क्या होते हैं ? दूसरे गए की तस्करी किस प्रकार कार द्वरा की जा सकती है हरियाणा की हिंदुवादी सरकार का रिकार्ड काफी खराब रहा है , गाय के परिवहन को गाय की तस्करी बात कर मुस्लिम लोगों को मारने -पीटने और यंहा तक की उनकी हत्या करने का भी मामला चल चुका है।

# आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** दिन सफलता से भरा होगा। आपकी सफलता से आपके साथियों का मूड कुछ बिगड़ सकता है, सावधान रहें। | **तुला** आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे। |
| **वृषभ** दिन आनंद में बीतेगा। दोपहर तक आपको हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिल सकता है। | **वृश्चिक** आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन** पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से आपको किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी। | **धनु** आज दिन खर्च वाला रहेगा। गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका काफी खर्च हो सकता है। |
| **कर्क** धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। | **मकर** आज भाग्य साथ दे रहा है। व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से आपको हर्ष होगा। |
| **सिंह** आज लाभ होगा और सभी कार्य में आपको आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ण होंगे। | **कुंभ** सफलता से भरा होगा और आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। |
| **कन्या** आपके लिए सफलता के रास्ते खुलेंगे और मन के अनुसार कई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। | **मीन** आज भाग्य साथ दे रहा है और यात्रा में लाभ होगा। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। |

## विशेष

### क्या भारत, ब्रुनेई से कुछ सीखेगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई दौरे पर गए तो चहुंओर इस बात की चर्चा आम हो गई कि ब्रुनेई आखिर किस कारण खास है। इस पर विशेषज्ञों ने कहा कि वहां शिक्षा और स्वास्थ्य फ्री है और सबसे बड़ी बात हमारे देश की तरह टैक्स का बोझ भी वहां के लोगों पर नहीं होता है। अब जबकि प्रधानमंत्री मोदी यात्रा के दौरान कहते देखे जा रहे हैं कि भारत और ब्रुनेई के राजनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में हमने तय किया है कि दोनों देशों के रिश्तों को एनहैंस्ड पार्टनरशिप यानी आगे बढ़ती साझेदारी का दर्जा देंगे। इस पर सवाल करने वाले तो यही कह रहे हैं कि काश पीएम मोदी ब्रुनेई से कुछ सीख लें और देश में भी आमजन को राहत देने वाली नीति लागू करें तो शायद इस तरह की विदेश यात्राएं आमजन के लिए भी विशेष होने लग जाएं।

### सैम गलत तो नहीं कह रहे

गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने शिकागो से एक बातचीत के दौरान जो कहा वह अब राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल सैम, राजीव गांधी की तुलना राहुल गांधी से करते हुए कहते हैं कि राजीव की तुलना में उनका बेटा राहुल गांधी ज्यादा समझदार हैं। सैम की नजर में राहुल बौद्धिक होने के साथ-साथ बेहतरीन रणनीतिकार भी हैं। राहुल से ज्यादा मेहनती राजीव गांधी थे, इसमें भी कोई शक नहीं है, फिर इस बात पर कैसे शक हो सकता है कि राहुल अब वाकई बड़े रणनीतिकार और राजनीतिक तौर पर बेहतरीन समझ रखने वाले व्यक्ति की तरह निखर कर देश की जनता के सामने आए हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1642: ईस्ट इंडिया कंपनी की नौसेना का गठन हुआ. 1698: रूस के जार पीटर ने दाढ़ी पर कर लगाने का आदेश दिया. 1763: मीर कासिम और अंग्रेजों के बीच राजमहल के निकट दयनाला में लड़ाई हुई जिसमें मीर कासिम को पराजय का मुंह देखना पड़ा. 1888: राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म. 1905: रूस जापान युद्ध समाप्त हुआ था. 1939: द्वितीय विश्व युद्ध में अमरीका ने तटस्थता की घोषणा की. 1957: संपत्ति कर विधेयक पारित हुआ. 1962: आज से यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है. 1972: पश्चिम जर्मनी की पुलिस द्वारा आतंकवादियों की खिलाफ की गई कार्रवाई में 24 घंटे चली गोलीबारी में इजरायल के ग्यारह ओलंपिक एथलीट, चार फिलीस्तीनी छापामार और एक पुलिसकर्मी मारा गया.

## दैनिक पंचांग

5 सितम्बर 024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.36 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | तुला | 08.47 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 11.02 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.18 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 15.23 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.09 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.42 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 20.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.53 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.51 बजे से |
| 1.30 से 3.00 बजे तक | | कर्क | 02.04 बजे स |
| | | सिंह | 04.20 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 249 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला **तिथि** द्वितीया 12.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 06.15 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 21.08 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.22 बजे तदनन्तर तैतिल 01.42 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 42' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872093 **जूलियन दिन** 2460558.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 01 **विशेष** बाबू दोज, डॉ. राधाकृष्णन जयंती, शिक्षक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कामयाबी की राह पाइए इस स्मार्ट करियर ऑप्शन से

आप अगर अपने करियर को लेकर पहले से ही जागरूक रहें तो कुछ ही सालों में वे अपने करियर में अच्छी ग्रोथ हासिल कर सकती हैं। इसके लिए पहला कदम है ऐसे करियर का चुनाव करना, जिसमें उनके लिए अपने टैंलेट को शोकेस करने के लिए अच्छी संभावनाएं हों। हालांकि आज के समय में प्रोफेशनली कामयाबी हासिल करने के लिए ढेर सारे विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ खास करियर आगे बढ़ने के लिए कहीं ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। इन करियर को अपनाने पर महिलाएं आगे चलकर वर्किंग वुमन की भूमिका के साथ न्याय करने के साथ-साथ वर्कलाइफ बैलेंस भी स्थापित कर सकती हैं। लाइब्रेरी साइंस में किस तरह के करियर की संभावनाएं हो सकती हैं, आइए जानते हैं-

## लाइब्रेरी साइंस में बनाइए करियर

अगर आप लाइब्रेरी साइंस का करियर ऑप्शन चुनती हैं तो इसमें आपको जॉब और करियर ग्रोथ की काफी संभावनाएं मिलती हैं। नियमों के अनुसार देश के हर स्कूल, कॉलेज, इंस्टीटयूट, संस्थान, विश्वविद्यालय, कम्युनिटी लाइब्रेरी और अनेक सरकारी विभागों में लाइब्रेरियन की नियुक्ति अनिवार्य है। देश में खुलने वाले नए डीम्ड विश्वविद्यालयों के कारण भी बड़ी संख्या में लाइब्रेरियन की जरूरत पैदा हुई है।
महिलाओं के लिए यह क्षेत्र इस मायने में भी उपयुक्त है कि इसमें रात में रात के समय में देरी से छूटने जैसी समस्याएं नहीं हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इसमें लगभग 6 से 8 घंटी के सीमित समय में महिलाएं अपना काम पूरा कर सकती हैं।
एक लाइब्रेरियन के तौर पर आप अपने घर के आसपास एक स्कूल, कॉलेज, क्लब या पब्लिक लाइब्रेरी में जॉब तलाश सकती हैं। इस क्षेत्र में स्थापित होने के लिए किसी भी विषय से ग्रेजुएशन करें और उसके बाद 2 पाठ्यक्रम पूरे करें – एक वर्षीय बैचलर्स इन लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइन्स (बीएलआईएस) और उसके बाद एक वर्षीय मास्टर्स इन लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइन्स (एमएलआईएस)। इस प्रकार दो वर्षों में आप लाइब्रेरी साइंस में स्नातकोत्तर हो जायेंगी और फिर किसी भी संस्थान में लाइब्रेरियन के पद के लिए आवेदन दे सकेंगी।
प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का विशेष महत्व
महिलाएं एक बात का विशेष ध्यान रखें कि लाइब्रेरी साइंस में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का विशेष महत्व होता है। लाइब्रेरी साइंस में कई दूरस्थ शिक्षा के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जहां केवल डिग्री बांटने पर जोर दिया जाता है। ऐसे पाठ्यक्रमों का आपको कोई विशेष लाभ रोजगार में नहीं मिल पायेगा। इसीलिए कोशिश करें, पाठ्यक्रम रेगुलर/फुलटाइम हो। यदि दूरस्थ शिक्षा से बीएलआईएस या एमएलआईएस पाठ्यक्रम करना हो, तो इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ रहेगा।



# अगर जिम खोलना चाहते हैं तो जानें उससे जुड़ी सारी जानकारी

स्वास्थ्य को लेकर लोगों के बीच में बढ़ी जागरूकता के कारण इस व्यवसाय में आपके लिए बहुत स्कोप है। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको क्या करना होगा।
आज की नई पीढ़ी अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहद जागरुक है और यही वजह है कि उनका रुझान जिम की ओर बढ़ता जा रहा है। अपने फिटनेस के लिए लोग हर महीने हजारों रुपये खर्च कर देते हैं, ऐसे में आए दिन जिम की मांग बढ़ती जा रही है। जिम के बिजनेस में सबसे अच्छी बात यह है कि एक बार निवेश करने के बाद कई सालों तक इससे अच्छी कमाई हो सकती है। लोग इन दिनों छोटी-छोटी जगहों पर जिम खोलकर पैसे कमा रहे हैं और अगर आपको भी फिटनेस का क्रेज है और आप भी जिम खोलना चाहती हैं, तो चलिए हम आपको बताते हैं जिम का बिजनेस कैसे शुरु कर सकती हैं और इसके लिए आपको क्या करना होगा। आपको बता दें कि जिम दो तरह के होते हैं पहला जिसमें वेट लिफ्टिंग और कार्डियो उपकरणों आदि की सुविधा होती है। इसमें बॉडी बनाने, वजन कम करने इत्यादी की ट्रेनिंग दी जाती है। दूसरा है फिटनेस सेंटर, इसमें योगा, एरोबिक्स, वजन घटाना, वजन बढ़ाना, मार्शल आर्ट, आसन इत्यादि सिखाएं जाते हैं, फिटनेस सेंटर का बिजनेस जिम की तुलना में थोड़ा महंगा होता है।

## प्रशिक्षित होना जरूरी

अगर आप जिम खोलना चाहती हैं तो आपका प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। वैसे अगर आप स्वयं प्रशिक्षित नहीं हैं तो आप अपने जिम में ट्रेनर या कोच रख सकती हैं लेकिन ट्रेनर या कोच के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति को ही प्राथमिकता दें।

## जिम का रजिस्ट्रेशन कैसे करवाएं

आपको बता दें कि जिम का रजिस्ट्रेशन स्माल स्केल इंडस्ट्री के तहत होता है, इसके लिए जिले के उद्योग विभाग से फॉर्म लेना होगा। इस फॉर्म को भरकर जमा करने पर आपको जिम खोलने का लाइसेंस मिल जाता है। शुरुआत में आपको उद्योग विभाग अस्थायी लाइसेंस देगा, बाद में आप स्थायी लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर सकती हैं। आजकल रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था है।

## जगह का चयन

फिटनेस सेंटर या जिम खोलने के लिए जगह का चयन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। ऐसा जरूरी नहीं कि आप इसे किसी प्राइम लोकेशन पर ही खोलें, आप चाहे तो इसे किसी छोटी सी जगह पर भी खोल सकती हैं, लेकिन यह ध्यान रखें कि जहां भी आप जिमखोल रही हैं वहां आने वालों के लिए पार्किंग की सुविधा जरुर हो। जिम खोलने के लिए आपको 2000 से 2500 स्क्वायर फीट तक का प्लॉट लेना होगा लेकिन आपका बजट अगर कम हो तो आप इसे कम जगह में भी खोल सकती हैं। वहीं, आप जिम किसी भी फ्लोर पर शुरु कर सकती हैं।

## मशीनों की जरूरत

एक सामान्य जिम खोलने के लिए आपको कम से कम पद्रंह तरह की मशीनों की जरुरत पड़ेगी। जिन मशीनों की जरुरत होती है, उनमें बेंच प्रेस, ट्रेड मिल, लेग प्रेस, बटर फ्लाई, लैट पुल डाउन, पैक डेक, डिप बार, केबल क्रॉस ओवर, प्रीचर बेंच, सिटअप बेंच, दो नॉर्मल बेंच, स्किपिंग रोप, योगा मैट, रॉड, डंबल, स्टैंड इत्यादि। इन मशीनों में सबसे महंगा ट्रेड मिल है इसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है। इसके अलावा आपको लाइट, म्यूजिक सिस्टम, एसी और इंटीरियर डेकोरेशन के कुछ सामान खरीदने होंगे।

## जिम का प्रचार कैसे करें

जिम की आमदनी वहां आने वाले ग्राहकों पर ही निर्भर करती है और इसके लिए आपको जिम का प्रचार-प्रसार करना होगा और जिम की जानकारी देनी होगी। इसके लिए आप उस इलाके के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगवा सकती हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी प्रचार करवा सकती हैं। लोकल न्यूज चैनल और अखबारों के माध्यम से प्रचार कर सकती हैं।

## जिम में महीने का खर्च

जिम खोलनेपर आपको महीने में कम से कम 70,000 रूपये खर्च करने होंगे। इसमें मकान का किराया, बिजली बिल, मशीनों पर खर्च, ट्रेनर और अन्य कर्मचारियों का वेतन इत्यादि शामिल होंगे। अगर आप खुद ट्रेनर हैं तो अपने कुछ पैसे बचा सकती हैं।

## आमदनी और फीस की जानकारी

आमतौर पर जिम की फीस दस हजार रुपये मासिक होती है। इस हिसाब से अगर आपके जिम में कम से कम दो सौ लोग भी नियमित रूप से आते हैं तो आपको फीस से दो लाख रुपये की आमदनी होगी। वहीं, अगर छोटे-मोटे खर्चों को निकाल दे तो आपको हर महीने कम से कम एक लाख रुपये की आमदनी होगी। खरीदी गई मशीनों का कॉस्ट निकल जाने के बाद आपकी कमाई बढ़ जाएगी।

## इन बातों का रखें ध्यान

जिम के लिए आने वाले व्यक्ति से मान्यता प्राप्त डॉक्टर या अस्पताल का हेल्थ सर्टिफिकेट जरूर मांगे। अगर किसी भी कस्टमर को कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होगी तो वह आप पर क्लेम नहीं कर पाएगा। आप अगर जिम के साथ-साथ सप्लीमेंट का भी बिजनेस कर रही हैं तो क्वालिटी प्रोडक्ट ही बेचें, नहीं तो आपकी विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।






# करियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले खुद से करें यह सवाल

**क्या आपको अपने काम से संतुष्टि नहीं मिलती? क्या आप हर दिन ऑफिस जबरदस्ती जाती है? ऑफिस जाने के बाद आपकी नजर सिर्फ घड़ी पर होती है? अब आपको अपने काम में बोरियत महसूस होती है और आप अपने करियर को स्विच करने के बारे में सोच रही है? अगर इन सभी सवालों के जवाब हां हैं तो इसका अर्थ है कि आपको शांति से बैठकर खुद से कुछ सवाल करने की जरूरत है।**

दरअसल, हर दिन एक ही काम करते-करते बोरियत होने लगती है और फिर आपका मन उस काम में नहीं लगता। ऐसे में आप कुछ नया करने के बारे में सोचती हैं, लेकिन करियर स्विच करने का फैसला इतना भी छोटा नहीं है। करियर स्विच करने से पहले आपको कुछ बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। तो चलिए आज हम आपको उन बातों के बारे में बता रहे हैं, जिनके बारे में आपको करियर स्विच करने से पहले जरूर सोचना चाहिए-

## बरतें ईमानदारी

करियर स्विच करना जीवन का एक बहुत बड़ा फैसला है और इसलिए इस फैसले को लेने से पहले आपको खुद के साथ ईमानदारी बरतना बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो आप खुद से यह सवाल पूछें कि क्या सच में आप अपना करियर स्विच करना चाहती हैं और क्या आप जो रही हैं, उसमें आपका पैशन नहीं है। दरअसल, जिस काम को करना आप पसंद नहीं करती, उससे बेहद जल्द बोर हो जाती हैं। अगर ऐसा नहीं है और हर दिन एक ही काम करने के कारण आपके भीतर यह उबाउपन है तो करियर स्विच करने की बजाय कुछ नई जिम्मेदारियां उठाने की कोशिश करें।

## शुरूआत से शुरू

जब आप किसी नई फील्ड में खुद को स्थापित करने की कोशिश करती हैं तो इसमें एक लम्बा वक्त लगता है। ऐसा नहीं है कि अगर आज आप करियर स्विच करने की सोच रही हैं तो अगले दिन ही आपको एक अच्छी जॉब मिल जाएगी या आप सफलता की उस बुलंदी पर पहुंच जाएंगी, जिसकी आपको इच्छा है। तो खुद से यह जरूर पूछें कि क्या आप दोबारा उतनी कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं?

## फाइनेंशियल प्रभाव

जब आप अपना करियर स्विच करती हैं तो इसका आपके जीवन पर फाइनेंशियली भी काफी असर पड़ता है। हो सकता है कि इस जॉब में आप एक अच्छी पोस्ट पर हाई सैलरी में हों। लेकिन जब आप करियर स्विच करेंगी तो आपको बेसिक सैलरी से ही काम की शुरूआत करनी होगी। क्या आप सैलरी में इस गिरावट को मैनेज कर सकती हैं और इससे आपके मासिक खर्चों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमूमन देखने में आता है कि कुछ लोग अपने काम से परेशान होकर जॉब तो स्विच कर देते हैं, लेकिन जब उन्हें सैलरी मनमुताबिक नहीं मिलती तो उन्हें पहले की जॉब व काम ही अच्छा लगता है और करियर चेंज का फैसला उन्हें गलत नजर आता है।

## पारिवारिक प्रभाव

आपका करियर चेंज का फैसला सिर्फ आपको ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इससे आपका पूरा परिवार जुड़ा होता है। दरअसल, हर जॉब की अपनी मांग व जरूरतें होती हैं। कुछ काम को करते समय आपको काफी घूमना पड़ता है तो किसी काम में आपको लेट नाइट काम करना पड़ सकता है। ऐसे में आपकी फैमिली पर उसका असर पड़ सकता है। इसलिए किसी भी फील्ड में जाने से पहले यह भी अवश्य देखें कि इससे आपके परिवार व पारिवारिक जिम्मेदारियों पर कितना असर पड़ रहा है और क्या आप और आपका परिवार इस बदलाव के लिए तैयार है।

## लें प्रोफेशनल हेल्प

अगर आप खुद को असमंजस की स्थिति में पाती हैं और किसी भी निर्णय को लेने में असमर्थ हैं तो बेहतर होगा कि आप किसी करियर काउंसलर की मदद लें। आप उन्हें अपनी वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं और साथ ही यह भी बताएं कि आप अपना करियर चेंज क्यों करना चाहती हैं। इसके अतिरिक्त आप किस फील्ड में जाने का मन बना रही हैं। इस तरह आपकी पूरी स्थिति को जानने के बाद एक करियर काउंसलर आपको सबसे बेस्ट सलाह देगा। साथ ही आपकी रूचि के अनुसार कुछ ऐसे ऑप्शन भी बताएगा जो आपके लिए काफी अच्छे रहेंगे। इसलिए करियर चेंज करने से पहले एक बार करियर काउंसलर से मिल लेना काफी अच्छा रहेगा।



# फेसबुक कंटेंट की मदद से ऐसे कमा सकते हैं पैसे

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अधिकतर इस्तेमाल हम सभी वीडियो, फोटो, कंटेंट पढ़ने के लिए करते हैं। बता दें कि आप कंटेंट पोस्ट कर पैसा कमा सकते हैं। चलिए जानते हैं कैसे।
क्या आप फेसबुक पर कंटेंट लिखकर पोस्ट करते हैं और कंटेंट क्रिएटर्स हैं, तो बता दें कि आप इसकी मदद से पैसा भी कमा सकती हैं। वैसे तो वर्तमान में फेसबुक सबसे पुराना लोकप्रिय प्लेटफॉर्म ही नहीं, बल्कि यह एक यूजफुल ऑनलाइन टूल है, जिसकी मदद से आप घर बैठे आर्निंग और फ्री में इस्तेमाल कर सकती हैं। आज के समय कई सारे लोग ऑनलाइन इसकी मदद से पैसा कमाते हैं। अगर आप भी फेसबुक की मदद से कमाई करना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको अपने कंटेंट को मोनेटाइज करने की जरूरत पड़ेगी।

## फेसबुक पर कमाई के लिए जरूरी मापदंड

- अगर आप फेसबुक की मदद से पैसा कमाना चाहते हैं, तो इसके लिए सबसे पहले फेसबुक अकाउंट बनाएं।
- फेसबुक की मोनेटाइजेशन पॉलिसी का पालन करना।
- फेसबुक की कम्युनिटी स्टैंडर्ड का ध्यान रखना।
- इसके बाद प्राइवेसी का पालन करना।
- कंटेंट फेसबुक की मोनेटाइजेशन पॉलिसी के अनुरूप हों।
- मोनेटाइजेशन मेथड के आधार पर फॉलोअर्स और व्यूज की संख्या होना।

## फेसबुक पेज से कैसे कमाएं पैसे?

अगर आपके पास कंटेंट, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग और कंटेंट राइटिंग आदि चीजों की अच्छी समझ है, तो आप कंटेंट-आधारित फेसबुक पेज शुरू कर सकते हैं। अगर आप पेज पर कंटेंट अच्छा डलेगी तो भरोसेमंद दर्शक वर्ग भी मिलेंगे, जिससे आप प्लेटफॉर्म पर और बाहर भी अलग-अलग तरीके से पैसे कमा सकते हैं। आप चाहें, तो ग्रुप के माध्यम से प्रोडक्ट और सर्विस को बेच सकते हैं या वेबसाइट पर ट्रैफिक लाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो रेवेन्यू जनरेट कर सकता है। फेसबुक पेज बनाने के लिए फॉलो करें ये स्टेप्स

- सबसे पहले फेसबुक पर लॉगइन करें।
- इसके बाद बायीं ओर पेज ऑप्शन पर क्लिक करें।
- अब Create new Page वाले ऑप्शन पर क्लिक करें।
- इसके बाद आपको पेज का नाम और कैटेगरी सिलेक्ट करना होगा।
- अब यहां पेज का बायो, प्रोफाइल पिक्चर, कवर फोटो आदि को एड करें।
- इसके बाद Done पर क्लिक करते ही फेसबुक पर पेज तैयार कर सकते हैं।

फेसबुक पर वीडियो कंटेंट को अपलोड करके आप कमाई कर सकते हैं। क्रिएटर्स अपने फेसबुक वीडियो पर इन-स्ट्रीम ऐड करके भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। ये शॉर्ट एड होते हैं, जो आपके फेसबुक वीडियो को देखे जाने के दौरान चलाए जाते हैं।

## मिनीरत्न कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी, कंपनी ने बनाई है पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिनीरत्न कंपनी बीईएमएल लिमिटेड के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी आई है। बीईएमएल के शेयर बुधवार को 7 पर्सेंट के उछाल के साथ 4136.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को 3851.80 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में इस साल अब तक 45 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। बीईएमएल ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट बनाई है। बीईएमएल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5489.15 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1904.50 रुपये है। मिनीरत्न कंपनी बीईएमएल ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट बनाई है। रेलवे मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने पिछले दिनों वंदे भारत स्लीपर कोच के प्रोटोटाइप वर्जन को अनवील किया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को आने वाले महीनों में लॉन्च किया जाएगा। इस ट्रेन को वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जो कि यूरोपियन स्टैंडर्ड्स का मुकाबला करती हैं। ट्रेन के इंटीरियर में ग्रेप पैनल्स, सेंसर बेस्ड इंटरकम्युनिकेशन डोर, ऑटोमैटिक एक्सटीरियर पैसेंजर डोर, स्क चार्जिंग पोर्ट्स के साथ इंटीग्रेटेड रीडिंग लाइट्स दी गई हैं।

## जीआईसी में सरकार बेचेगी बड़ी हिस्सेदारी, निवेशकों में हड़कंप, शेयर बेच निकल रहे निवेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के शेयर में आज बड़ी गिरावट देखी जा रही है। कंपनी के शेयर आज 5 प्रतिशत से अधिक गिर गए और 398.60 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी खबर है। दरअसल, सरकार जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन में 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी 395 रुपये प्रति शेयर के भाव में बेचेगी। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत 11.90 करोड़ से अधिक शेयर यानी 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी जाएगी। यह पेशकश बुधवार को संस्थागत निवेशकों के लिए खुलेगी। खुदरा निवेशक बृहस्पतिवार को बोली लगा सकेंगे। शेयर बिक्री से 395 रुपये प्रति इक्विटी के भाव पर सरकारी खजाने को लगभग 4,700 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। न्यूनतम शेयर भाव मंगलवार को बंद भाव से 6.23 प्रतिशत कम है। बता दें कि कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 467 रुपय और 52 वीक का लो प्राइस 202.45 रुपये है। इसका मार्केट कैप 70,623.37 करोड़ रुपये है। इस साल अब तक यह शेयर 30 प्रतिशत और पिछले एक साल में करीबन 78 प्रतिशत तक चढ़ा है।निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहित कांत पांडेय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''जनरल इंश्योरेंस कॉपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) के लिए बिक्री पेशकश कल खुलेगी। बुधवार को गैर-खुदरा निवेशक बोली लगा सकेंगे जबकि खुदरा और जीआईसी के कर्मचारी गुरुवार को बोली लगाएंगे। सरकार 3.39 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही जबकि ज्यादा बोली आने पर 3.39 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का विकल्प रखा गया है।'' सरकार के पास वर्तमान में जीआईसी में 85.78 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जीआईसी अक्टूबर, 2017 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई। सरकार ने आईपीओ से 9,685 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ी, व्यापार लागत घटी; एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करेगा देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत निर्यात के मोर्चे पर अच्छी स्थिति में है। देश वैश्विक व्यापार में लगातार अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। विश्व बैंक ने कहा, भारत 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात लक्ष्य हासिल करने में सक्षम है। हालांकि, इसके लिए तीन उपाय करने होंगे। ये उपाय हैं...व्यापार लागत को घटाना, कारोबारी बाधाएं कम करना और अधिक-से-अधिक देशों तक पहुंच बढ़ाना। इसके अलावा, भारत को अपने निर्यात बास्केट में विविधता लाने के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का लाभ भी उठाना होगा।

विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका है। महामारी के बाद वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के पुनर्गठन ने भारत के लिए कारोबार के मोर्चे पर अवसर पैदा किए हैं। भारत ने राष्ट्रीय



लॉजिस्टिक्स नीति और डिजिटल पहलों के जरिये अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाया है, जिससे व्यापार लागत में कमी आ रही है। हालांकि, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं बढ़ने से व्यापार केंद्रित निवेश की संभावनाएं सीमित हो सकती हैं।

### इन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की संभावनाएं

विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा, भारत अपनी वैश्विक व्यापार क्षमता का लाभ उठाकर कारोबार को और बढ़ा सकता है। वह आईटी, व्यावसायिक सेवाओं और फार्मा निर्यात में उत्कृष्ट है। भारत के पास वस्त्र, परिधान और फुटवियर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स व हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। इससे निर्यात बास्केट में विविधता भी आएगी। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली एवं नोरा डिहेल ने कहा, उत्पादन की बढ़ती लागत व घटती उत्पादकता से वैश्विक परिधान निर्यात में भारत का हिस्सा 2022 में 3 फीसदी रह गया। 2018 में यह 4 फीसदी था। रिपोर्ट के मुताबिक, चालू खाते के घाटे में कमी और मजबूत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के कारण भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस साल अगस्त की शुरुआत में बढ़कर 670.1 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय जीडीपी की रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे तेज बनी हुई है। इसे कृषि क्षेत्र, ग्रामीण मांग, निजी खपत और निवेश से समर्थन मिल रहा है। 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ी थी। इसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश और रियल एस्टेट क्षेत्र में घरेलू निवेशकों में वृद्धि से बढ़ावा मिला था।

### कर्ज-जीडीपी अनुमान में आएगी गिरावट

मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ कर्ज-जीडीपी अनुपात 2026-27 में घटकर 82 फीसदी पर आ सकता है।2023-24 में यह अनुपात 83.9 फीसदी था। चालू खाते का घाटा (कैड) के 2026-27 तक जीडीपी के 1-1.6 फीसदी के आसपास रहने की उम्मीद है।

## अचानक बेच दिए 15.85 लाख शेयर, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स के शेयरों में आज बुधवार को 5त्न तक की गिरावट देखी गई। कंपनी के शेयर मंगलवार के बंद भाव 381 रुपये के मुकाबले आज शुरुआती कारोबार में ही 362 रुपये पर पहुंच गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, एक दिन पहले ही बिग बुल राकेश झुनझुनवाला की आरएआरई एंटरप्राइज ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम की है। एक्सचेंज पर दी गई जानकारी के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला की यूनिट ने 348.60 रुपये की औसत कीमत पर एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी करीबन 15.85 लाख शेयर बेचे हैं। कुल हिस्सेदारी बिक्री का मूल्य 55.25 करोड़ रुपये था। कंपनी के शेयरों का 52 वीक का हाई प्राइस 530.40 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 170.25 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 4,446.34 करोड़ रुपये है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर बाजार में काम करने वाली एक्सिकॉम टेली ने इस साल मार्च में शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की थी। कंपनी के शेयर 80 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए थे। एक्सिकॉम को भारत के ईवी चार्जिंग सेक्टर में पहले कदम रखने का लाभ मिला है। वित्त वर्ष 24 तक कंपनी ने 400 से अधिक शहरों में 65,000 से ज़्यादा चार्जर लगाकर बाजार में जबरदस्त प्रगति की है। कंपनी के व्यापक नेटवर्क ने इसे आवासीय चार्जर में अग्रणी बना दिया है, जिसकी बाजार में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और सार्वजनिक चार्जर सेगमेंट में भी इसकी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




## क्रेडिट कार्ड का बाजार 2028-29 तक हो सकता है दोगुना, पर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल घट रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रेडिट कार्ड की संख्या 15 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या को दोगुना करते हुए महत्वपूर्ण विस्तार हासिल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गति जारी रहने की उम्मीद है, आने वाले वर्षों में बाजार यह वृद्धि दोहरा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में क्रेडिट कार्ड बाजार में वित्त वर्ष 28-29 तक कार्डों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है, और यह आंकड़ा 20 करोड़ कार्ड तक पहुंच जाएगा। क्रेडिट कार्ड उद्योग में पिछले पांच वर्षों के दौरान 100 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है। अगले पांच वित्तीय वर्षों के भीतर बाजार इस वृद्धि को दोहरा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड जारी करने के अलावे इनसे होने वाली लेन-देन गतिविधियों में भी पर्याप्त वृद्धि आई है। लेन-देन की मात्रा या संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लेन-देन के मूल्य में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय नए उत्पादों की शुरूआत, अभिनव पेशकशों और ग्राहक खंडों के विस्तार को दिया गया है।



हालांकि, रिपोर्ट में डेबिट कार्ड के उपयोग में गिरावट का भी उल्लेख किया गया है। डेबिट कार्ड लेन-देन की मात्रा और मूल्य दोनों में कमी आई है। यह उपभोक्ता वरीयताओं में बदलाव को दर्शाता है। वित्त वर्ष 23-24 में, डेबिट कार्ड के लिए लेन-देन की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत कम हो गई, और डेबिट कार्ड पर खर्च साल-दर-साल 18 प्रतिशत कम हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है, देश में डेबिट कार्ड ने कार्ड जारी करने के मामले में धीमी वृद्धि देखी है। डेबिट कार्ड की मात्रा और मूल्य में वित्त वर्ष 23-24 के दौरान महत्वपूर्ण गिरावट आई है। इस गिरावट का श्रेय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जाता है , जो उपयोग में आसान है और अपने शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट के कारण छोटे से मध्यम व्यापारियों के लिए पसंदीदा भुगतान पद्धति बन गया है।

# छोटे से गैराज से खड़ी कर दी 66,904 करोड़ की कंपनी !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निर्मल कुमार मिंडा हरियाणा के गुड़गांव के सबसे दौलतमंद व्यक्ति बन चुके हैं। वह यूनो मिंडा कंपनी के मालिक हैं। पिछले साल उनकी दौलत में 68 फीसदी का इजाफा हुआ है। अब उनकी कुल संपत्ति 30,800 करोड़ रुपये हो गई है। यूनो मिंडा गाड़ियों के पुर्जे बनाती है। इसकी शुरुआत बहुत छोटी थी। छोटे से वर्कशॉप से यह शुरू हुई थी। अब यह करोड़ों की कंपनी बन चुकी है। आइए, यहां निर्मल कुमार मिंडा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में बनाई जगह

हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, मुंबई को एशिया के



अरबपतियों की राजधानी घोषित किया गया है। मायानगरी में लिस्ट में शामिल 386 अमीर रहते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का घर भी यहीं है। नई दिल्ली और हैदराबाद इसके बाद आते हैं। गुड़गांव में हुरुन लिस्ट में जगह बनाने वाले 23 अमीर रहते हैं। निर्मल कुमार मिंडा भी उन दौलतमंदों में से एक हैं।

### पिछले साल 68 प्रतिशत बढ़ी संपत्ति

ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी यूनो मिंडा के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर निर्मल कुमार मिंडा हरियाणा के गुड़गांव के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 68 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़कर 30,800 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, उनकी कंपनी की वैल्यू 66,904 करोड़ रुपये की है।

### छोटी थी शुरुआत

यूनो मिंडा कारों और दोपहिया वाहनों के लिए कई तरह के ऑटो पार्ट्स बनाती है। यह कारोबार निर्मल कुमार के दिवंगत पिता ने 1958 में शुरू किया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यूनो मिंडा एक छोटे से वर्कशॉप के तौर पर शुरू हुई थी। शुरुआत में यह कंपनी मोटरसाइकिलों के लिए इलेक्ट्रिक पार्ट्स बनाती थी। निर्मल मिंडा 1977 में मार्केटिंग डिवीजन में पारिवारिक व्यवसाय में शामिल हुए थे। अपनी सूझबूझ और व्यावसायिक कौशल से निर्मल ने इसे बुलंदियों तक पहुंचाया। आज यूनो मिंडा जाना-माना नाम है। दुनिया भर में इसके 73 कारखाने हैं। 2020 से यह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सेंसर और लाइट जैसे पुर्जे सप्लाई कर रही है। यूनो मिंडा ग्रुप का नेतृत्व करने वाले निर्मल मिंडा को कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उनके नेतृत्व में ग्रुप काफी आगे बढ़ा है। अरबपति मिंडा को उनकी पेशेवर और सामाजिक उपलब्धियों के लिए हरियाणा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। फोर्ब्स के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2018 से मिंडा की संपत्ति 1 अरब डॉलर से बढ़कर अब लगभग 2.7 अरब डॉलर हो गई है।

## अगस्त का महीना रहा आईपीओ मार्केट के लिए शानदार, 27 महीने का दिया बेस्ट परफॉर्मेंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीनों से शेयर बाजार गुलजार है। इसका फायदा उठाने के लिए अलग-अलग सेक्टर की कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च कर फंड जुटा रही हैं। अगस्त महीने में आईपीओ के जरिए फंड जुटाने के मामले में एक बार फिर तेजी आई है और यह 27 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

अगस्त में कम से कम 10 कंपनियों ने आईपीओ के जरिए सामूहिक रूप से 17,048 करोड़ रुपये जुटाए। यह मई 2022 के बाद से सबसे बड़ी रकम है। इसके अलावा अगस्त में जुटाई गई कुल रकम का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा फ्रेश इश्यू से जुड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 9,715 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू से जुटाए गए जबकि शेष 7,333 करोड़ रुपये ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) से थे।

मनीकंट्रोल की खबर में विश्लेषकों ने बताया कि आईपीओ गतिविधि में तेजी की वजह मजबूत आर्थिक विकास, भारतीय शेयर बाजार का वर्चस्व और कंपनियों की बढ़ती कमाई है। ये कुछ कारण हैं, जिसने कंपनियों को लिस्टिंग के लिए प्रोत्साहित किया है। मेहता इक्विटीज के सीनियर वीपी - रिसर्च एनालिस्ट, प्रशांत तापसे ने कहा- हाई



लिक्विडिटी, सेकेंडरी मार्केट परफॉर्मेंस के साथ-साथ हालिया आईपीओ की मजबूत लिस्टिंग परफॉर्मेंस आईपीओ में भाग लेने के लिए निवेशकों का भरोसा पैदा कर रहा है। तापसे ने कहा कि ज्यादातर इश्यू में अच्छी सब्सक्रिप्शन डिमांड देखी जा रही है, जिसके बाद लिस्टिंग लाभ हुआ है, जिससे प्रमोटरों और निवेशकों को पैसे जुटाने और निवेश करने का विश्वास मिला है। प्रमोटरों के साथ-साथ निजी इक्विटी निवेशकों जैसे प्री-आईपीओ निवेशक भी बाजार के इस मूड को उम्मीद से बेहतर मूल्यांकन के साथ भुनाने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अगस्त में आईपीओ से लगभग 6,145 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने 4,193 करोड़ रुपये और प्रीमियर एनर्जीज ने 2,830 करोड़ रुपये जुटाए। सीगल इंडिया (1,253 करोड़ रुपये), बाजार स्टाइल रिटेल (835 करोड़ रुपये), ईसीओएस इंडिया मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी (600 करोड़ रुपये) और इंटरार्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स (600 करोड़ रुपये) के आईपीओ भी इस रेस में शामिल हैं।

## 1000 फ्रेशर्स का इंतजार खत्म... इंफोसिस ने 2.5 साल बाद दिया ऑफर लेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की मल्टी नेशनल आईटी कंपनी इंफोसिस ने 1000 से ज्यादा फ्रेशर्स के लिए ऑफर लेटर जारी कए हैं। खास बात ये है कि ये लेटर उन्हें लगभग ढाई साल के लंबे इंतजार के बाद मिले हैं। लेटर की बात सुनने के बाद सभी फ्रेशर्स काफी खुश हैं। सभी फ्रेशर्स को 7 अक्टूबर, 2024 की ज्वॉइनिंग डेट दी गई है। आईटी एम्पलाई यूनयिन नैसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, इंफोससि ने साल 2022 के कैंपस हायरंगि के 1000 से ज्यादा ऑफर लेटर जारी किए हैं।

कंपनी की तरफ से ये फ्रेशर्स को दिए जाने वाले सभी ऑफर लेटर सिस्टम इंजीनियर की पोस्ट के लिए जारी कए गए हैं। इन लेटर में ज्वॉइनिंग डेट 7 अक्टूबर, 2024 तय की गई है। इन सभी सॉफ्टवेयर इंजीनियर को साल 2022 में इंफोससि की तरफ से सस्टिम इंजीनयिर का रोल ऑफर कयिा गया था। इंफोससि की तरफ से ऑफर लेटर से जुड़ा मामला तब आगे बढ़ा है, जब पछिले दनिों कंपनी के सीइओ सलिल परिख ने इशारा दिया क कंपनी की तरफ से फ्रेशर्स को दिए गए ऑफर पूरे किए जाएंगे।

सलिल परिख ने बताया कि हमने जो भी ऑफर दिया है वह ऑफर किसी ऐसे व्यक्ति को होगा जो कंपनी में होगा। हमने तारीख में




बदलाव कयिा है, लेकनि इसके अलावा हर कोई इंफोससि में शामिल होगा और इससे जुड़ी कसिी शर्त के बारे में बदलाव नहीं कयिा है। हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, जनि यूथ इंजीनियर्स को अब ऑफर लेटर मलिा है, ये पछिले करीब 2 साल से इंतजार कर रहे हैं। अब सभी को 7 अक्टूबर, 2024 की ज्वॉइनिंग डेट दी गई है।

हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा क इंफोससि का फैसला नितेश और अनश्चितिता और देरी के सामने मजबूती से डटे रहे सभी छात्रों के लिए बड़ी जीत है। हम पूरी तरह सतर्क हैं। अगर इंफोससि इस वादे को पूरा नहीं कर पाता और ज्वॉइंग डेट में कसिी भी तरह का बदलाव होता है, तो कंपनी ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन भी करने को तैयार हैं। अप्रैल 2022 से उस साल के बैच के लगभग 2000 इंजीनियर्स ग्रेजुएट को सिस्टम इंजीनियर और डिजिटल स्श्व रोल के लिए इंफोसिस से ऑफर लेटर मिलने के बाद ऑनबोर्डिंग में देरी का सामना करना पड़ा है। उनका ईयरली पैकेज 3.2 से 3.7 लाख रुपए तक है।



# राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बन सकते हैं द्रविड़!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ बतौर मुख्य कोच जुड़ सकते हैं। इस साल जून में बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल भी सफल रहा है। उनकी देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था। इसी के साथ टीम इंडिया के साथ उनके कोचिंग कार्यकाल का अंत यादगार रहा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और बड़ी नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन पर भी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी चर्चा हो चुकी है। टीम के मौजूदा कप्तान संजू सैमसन का द्रविड़ के साथ लम्बे समय से पेशेवर रिश्ता रहा है। सैमसन का शुरुआती करियर द्रविड़ की ही देखरेख में उभरा था।

क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, द्रविड़ ने 2014 और 2015 के आईपीएल सत्रों में टीम के मेंटॉर के रूप में काम किया। इससे पहले कि वह 2019 में एनसीए के निदेशक बनने तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ वही भूमिका निभाते रहे।राजस्थान के साथ द्रविड़ का पुराना संबंध रहा है। वह आईपीएल में राजस्थान की कप्तानी (2012 और 2013) करने के साथ साथ उनके मेंटॉर (2014 और 2015) की भी भूमिका निभा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) का रुख किया था। 2019 में वह बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख बने थे। 2021 में वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने थे और उनके ही कार्यकाल में भारतीय टीम ने आईसीसी ट्रॉफी का सूखा समाप्त किया। बताया जा रहा है कि आरआर की टीम विक्रम राठौर को भी द्रविड़ के सहायक कोचों में शामिल कर सकती है। राठौर पूर्व में भारतीय टीम के चयनकर्ता रहने के साथ ही एनसीए में द्रविड़ के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके थे। जबकि बतौर भारतीय कोच द्रविड़ के कार्यकाल में राठौर ने भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच की भी भूमिका निभाई थी। टीम के मौजूदा क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा इस भूमिका में फ्रेंचाइजी के साथ बने रहेंगे। आरआर ने 2008 में आईपीएल के प्रथम सीजन के बाद से ही कोई आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। हालांकि, साल 2022 में टीम उप-विजेता थी। 2023 में वह प्लेऑफ में प्रवेश नहीं कर पाए जबकि 2024 में वह दूसरे क्वालीफायर में बाहर हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ईशान का दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलना मुश्किल, दावा- बाएं हाथ में चोट है



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलना मुश्किल है। उन्हें श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम डी में चुना गया है।क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने दावा किया है कि ईशान के बाएं हाथ में चोट है। ऐसे में सिलेक्टर्स उनकी जगह संजू सैमसन को टीम डी में चुन सकते हैं। सैमसन को किसी टीम में नहीं चुना गया था। टीम डी को 5 सितंबर से टीम सी से पहला मुकाबला खेलना है। बता दें कि पिछले सीजन में डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने के बाद ईशान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था।पिछले साल साउथ जोन की टीम ने दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। विद्वत कवेरप्पा ने फाइनल में 8 विकेट लिए थे। पिछले साल साउथ जोन की टीम ने दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। विद्वत कवेरप्पा ने फाइनल में 8 विकेट लिए थे।फिलहाल, फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट में ईशान के खेलने पर संशय है। टॉप स्टेज मैच में उनका खेलना या न खेलना उनके टीम इंडिया के चयन पर निर्भर करेगा। कुछ दिनों में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान होने वाला है। संभव है कि 6 मैचों के टूर्नामेंट में ईशान बाद के मैचों में खेलते नजर आएं। टीम डी का दूसरा मुकाबला 12 सितंबर को अनंतपुर में टीम ए के खिलाफ होगा।

### आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम, बाबर 5 साल बाद टॉप-10 से हुए बाहर



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की हालिया टेस्ट रैंकिंग में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम टॉप-10 से बाहर हो गए हैं। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट पहले नंबर पर कायम हैं और वह करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने के करीब हैं। आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट का दबदबा बढ़ता जा रहा है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले जो रूट के 922 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं और अब उनके पास अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। रूट ने पिछले साल भारत के खिलाफ एजबेस्टन में शतक लगाने के बाद 923 रेटिंग हासिल किए थे। रूट आईसीसी मेन्स टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के केन विलियमसन से 63 अंक आगे हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम लगातार दूसरे मैच में बड़ा स्कोर नहीं बना सके, जिसके कारण उनकी रैंकिंग खराब हुई है और 2019 के बाद पहली बार वह टॉप-10 से बाहर हो गए हैं।

# नवारो, सबालेंका और फ्रिट्ज सेमीफाइनल में, बोपन्ना-सुत्जियादी अंतिम-4 के मैच में हारे

**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया।

नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी।





बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा, जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं। लेकिन फिर भी मैंने तय किया कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना है ताकि वह इसका आनंद उठा सकें। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

### बोपन्ना और सुत्जियादी की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी ने इससे पहले एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को हराया था।44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी। इससे पहले टूर्नामेंट में, सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी भी पुरुष युगल के अलग-अलग चरणों में हारकर बाहर हो गए थे।

### लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले पंत पर होगी नजरें

**बेंगलुरु, एजेंसी।** दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है।



## टोक्यो का रिकॉर्ड भी टूटा, पेरिस पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों का जलवा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत ने पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टोक्यो 2020 के पदकों की संख्या को पार करते हुए 20 पदकों का आंकड़ा छू लिया है, और बुधवार को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

पैरालंपिक में अपने डेब्यू पर दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात पैरा-एथलेटिक्स में भारत ने अपने पदकों की संख्या में चार और पदक जोड़ लिए, जिनमें दो डबल-पोडियम फिनिश के साथ भारत ने टोक्यो में जीते गए 19 पदकों की संख्या को पार कर लिया। इस प्रक्रिया में भारत ने पैरालंपिक खेलों में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया और वर्तमान में उसके कुल पदकों की संख्या 51 हो गई है।

अजीत सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 65.62 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.96 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पहली बार दोहरा पोडियम स्थान हासिल किया। बाद में, शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में 1.88 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता, और टी42 श्रेणी में नया पैरालंपिक रिकॉर्ड स्थापित किया। शरद ने इस स्पर्धा में टोक्यो में अपने कांस्य पदक को भी अपग्रेड किया। 2016 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगावेलु ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ कांस्य पदक जीता, जिससे पेरिस खेलों में एथलेटिक्स में भारत का दूसरा दोहरा पोडियम फिनिश हासिल हुआ।

एक दिन में पांच पदक जीतकर भारत दिन के अंत में तीन स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गया।

## 1 रन पर गिरे 6 विकेट, 2 गेंदबाजों ने किया विरोधियों को तहस-नहस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 मैच को कहा तो गेंदबाजों के लिए काल जाता है. लेकिन, कभी-कभी इसमें होता ठीक उलटा है. गेंदबाज ही बल्लेबाज पर हावी दिखता है. ठीक वैसे ही जैसे 3 सितंबर को केरल क्रिकेट लीग में खेले मुकाबले में देखने को मिले, जिसमें त्रिवेंद्रम रॉयल्स का मुकाबला एलेप्पी रिप्ल्स से था. ये मैच तो 20-20 ओवर का पूरा हुआ. लेकिन, इसके नतीजे की स्क्रिप्ट उन 43 गेंदों ने ही लिख दी, जिसे फाजिल फनूस और आनंद जोसेफ नाम के दो गेंदबाजों ने डाली थी. ये दोनों गेंदबाज मैच में एलेप्पी रिप्लस का हिस्सा रहे. और, ऐसी गेंदबाजी की कि टीम को मैच जीतने में जोर नहीं लगाना पड़ा.



### त्रिवेंद्रम रॉयल्स को 146 रन का लक्ष्य

मुकाबले में पहले बैटिंग एलेप्पी ने की. यानी टारगेट उन्होंने सेट किया. पहले खेलते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन की अगुवाई वाली टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए. यानी उसने त्रिवेंद्रम रॉयल्स के सामने जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य रखा. लेकिन, जब त्रिवेंद्रम रॉयल्स लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो हालात जरा हटके नजर आए.

त्रिवेंद्रम रॉयल्स के पहले 2 विकेट स्कोर बोर्ड में बिना कोई रन जुड़े ही गिर गए. इसके बाद स्कोर में 1 रन जुड़ा लेकिन उसके जुड़ते ही तीसरा झटका भी लग गया. अब एक रन पर 3 विकेट हो चुके थे और टीम मुश्किल में आ चुकी थी. मिडिल ओवर में इस मुश्किल हालात पर नियंत्रण की कोशिश की. टीम ने 7 विकेट पर 112 रन तक बना लिए. लेकिन, उसके बाद बाकी के 3 विकेट बिना कोई रन स्कोर बोर्ड में जोड़े ही डग आउट लौट गए. मतलब 112 रन पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई. इस तरह से देखें तो पहले 3 विकेट और आखिर के 3 विकेट मिलाकर 6 विकेट त्रिवेंद्रम रॉयल्स के सिर्फ 1 रन पर ही गिरे, जो कि उनकी हार की बड़ी वजह बने.

### इन 2 गेंदबाजों ने 43 गेंदों में बांटे 8 विकेट

त्रिवेंद्रम रॉयल्स की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी. उसने 18.1 ओवर में बस 112 रन बनाए और 33 रन से मैच हार गई. त्रिवेंद्रम रॉयल्स की इस पतली हालत की वजह एलेप्पी के 2 गेंदबाज फाजिल फनूस और आनंद जोसेफ बने. इन दोनों ने मिलकर 43 गेंदों में त्रिवेंद्रम रॉयल्स के 8 विकेट आपस में बांटे. फाजिल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए. वहीं आनंद जोसेफ ने 3.1 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया.

# रोहित शर्मा ने फैसला कर लिया, आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे 'हिटमैन'!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले एक खिलाड़ी जो सबसे ज्यादा चर्चा में है. ये कोई और नहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है पिछले सीजन में हुआ कप्तानी विवाद. हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा के बीच जो कुछ हुआ, उसके बाद फैंस ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि रोहित शर्मा इस बार मुंबई इंडियंस में ही रहेंगे या किसी और टीम की ओर रुख करेंगे. पिछले सीजन से ही ऐसी कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं कि रोहित मुंबई को छोड़कर दूसरी टीम का दामन थाम लेंगे. हालांकि, अब उन्हें लेकर एक नया दावा किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रेंचाइजी के साथ उनका सारा विवाद सुलझ गया है. नीता अंबानी की फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को रिटेन करने पर मुहर लगा दी है. वहीं रोहित ने भी तय कर लिया है कि वो मुंबई में ही रहेंगे. हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टी नहीं हुई है.



### मुंबई इंडियंस ने रोहित को लेकर क्या कहा

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से ठीक पहले उस वक्त गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल कर लिया था. इसके लिए फ्रेंचाइजी ने एक बड़ी रकम चुकाई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई ने 100 करोड़ रुपए ट्रांसफर फीस दिए थे. हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टी नहीं हो सकी थी.

इसके बाद जब फ्रेंचाइजी ने अचानक पंड्या को टीम का कप्तान बना दिया तो फैंस काफी नाराज हुए थे. यहीं से रोहित से भी खटास शुरू हुई थी. हालांकि, ताजा रिपोर्ट में ये कहा गया है कि सभी विवादों को सुलझा लिया गया है. मुंबई ने कहा है कि रोहित शर्मा इस परिवार के अहम सदस्य हैं और वो उन्हें रिटेन करने के लिए तैयार हैं.

### रोहित शर्मा फिर बनेंगे कप्तान

रोहित शर्मा को 2013 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिली थी. कप्तान बनते ही उन्होंने टीम ट्रॉफी जीता दी थी. इसके बाद 2015, 2017, 2019 और 2020 में भी उन्होंने मुंबई को आईपीएल का चैंपियन बनाया. हालांकि, अगले 3 साल तक फिर आईपीएल ट्रॉफी जीतने में असफल रहे, जिसके बाद उनकी कप्तानी चली गई.

2022 में उन्हें टीम इंडिया की कप्तानी मिली थी, जिसके बाद टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल खेला. वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2024 पर कब्जा किया. अब ऐसा दावा किया जा रहा है कि इस बड़ी कामयाबी के बाद मुंबई भले ही उन्हें रिटेन करेगी लेकिन अगले सीजन में कप्तान नहीं बनाएगी. हार्दिक पंड्या ही टीम को लीड करेंगे.



# खेसारी संग रोमांस करेंगी आकांक्षा पुरी

एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी पवन सिंह के बाद अब खेसारी लाल यादव के साथ रोमांस करते हुए नजर आने वाली हैं। टीवी एक्ट्रेस की एंट्री नई भोजपुरी फिल्म में एंट्री हो गई है और बाब बागेश्वर धाम का आशीर्वाद भी मिल गया है। साउथ में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कहानी 'आदिपुरुष' के जरिए दिखाई गई। फिल्म फ्लॉप रही। इसे काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। इसके बाद बॉलीवुड में भी नितेश तिवारी ने 'रामायण' पर फिल्म बनाने का ऐलान कर दिया गया था।

इसमें रणबीर कपूर राम और सई पल्लवी को सीता का रोल प्ले करते हुए देखा जाएगा। ऐसे में अब भोजपुरी में भी भगवान राम की कहानी को दिखाया जाएगा। मेकर्स 'राजाराम' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें अयोध्या के राम की कहानी देखने के लिए मिलने वाली है। फिल्म के मेकर्स को बाबा बागेश्वर धाम का आशीर्वाद भी मिल चुका है। साथ ही इसके जरिए टीवी की फेमस एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी भोजपुरी में एंट्री करने वाली हैं। भोजपुरी के जाने-माने डायरेक्टर पराग पाटिल खेसारी लाल यादव के साथ फिल्म 'राजाराम' कर रहे हैं। इसके जरिए भोजपुरी में एक नया चेहरा दर्शकों को देखने के लिए मिलने वाला है।



# रीमा कलिंगल ने गायिका सुचित्रा को भेजा मानहानि का नोटिस

## ड्रग पार्टी करने का लगाया था आरोप

**मलयालम** फिल्म उद्योग का विवाद गहराता चला जा रहा है। हेमा समिति से जुड़ी रोज कुछ ना कुछ नई चीजें सामने आ रही हैं। आरोप-प्रत्यारोप के इस सिलसिले में अभिनेत्री और वीमेन इन सिनेमा कलेक्टिव की संस्थापक सदस्य रीमा कलिंगल ने प्लेबैक सिंगर सुचित्रा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। रीमा ने सुचित्रा को मानहानि का नोटिस भेजा है, क्योंकि सुचित्रा ने आरोप लगाया है कि रीमा के घर का इस्तेमाल ड्रग वाली पार्टी के लिए किया गया था। तीन सितंबर को रीमा ने अपने इंस्टाग्राम पर सुचित्रा के आरोपों को 'निराधार' बताया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, वर्षों से आप में से कई लोग डब्लूसीसी और इसके उद्देश्य के साथ खड़े हैं। यह समर्थन और भरोसा ही है जो मुझे लिखने के लिए प्रेरित करता है। पिछले दो दिनों में, कई समाचार आउटलेट ने तमिल गायिका सुचित्रा द्वारा यूट्यूब चैनल के साथ एक साक्षात्कार में दिए गए बयानों की रिपोर्ट की है। रीमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'हालांकि ये बेबुनियाद चीजें मुख्यधारा की खबरों में नहीं आईं, लेकिन मेरे बारे में उनके निराधार बयान - जो मेरी तथाकथित गिरफ्तारी के बारे में पढ़े गए एक समाचार लेख पर आधारित थे, उन्होंने सुर्खियां बटोरीं। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि ऐसी कोई घटना कभी नहीं हुई। मैंने कार्रवाई करने का फैसला किया है। मैंने विशेष जांच दल के पास शिकायत दर्ज कराई है और मानहानि का नोटिस भेजा है। जो लोग हमारे उद्देश्य में विश्वास करते हैं, आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद।' मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के कुछ चौंकाने वाले मामलों का खुलासा करने वाली न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद मलयालम फिल्म उद्योग में प्रमुख हस्तियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे। महिलाओं के उत्पीड़न, शोषण और दुर्व्यवहार के खुलासे करने वाली रिपोर्ट ने पूरे उद्योग को हिलाकर रख दिया। गवाहों और अभियुक्तों के नाम हटाने के बाद 19 अगस्त को रिपोर्ट सार्वजनिक किया गया। इसमें उल्लेख किया गया है कि मलयालम फिल्म उद्योग पर लगभग 10 से 15 पुरुष निर्माता, निर्देशक और अभिनेता अपनी धाक जमाए हुए हैं और उद्योग पर हावी हैं। जस्टिस के हेमा समिति का गठन केरल सरकार ने साल 2017 में एक महिला अभिनेता के साथ हुए मारपीट के मामले के बाद किया था। इसका गठन वीमेन इन सिनेमा कलेक्टिव द्वारा दायर याचिका के बाद किया गया था।



# सलमान खान ने की आमिर खान की तारीफ

## कहा- हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान और आमिर खान आज भले ही बॉलीवुड पर राज कर रहे हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ये दोनों इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे। सलमान खान का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो आमिर के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बता रहे हैं। यह वीडियो फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान का है।

आमिर और सलमान ने 1993 में इस फिल्म में साथ काम किया था। वीडियो में सलमान खान कह रहे हैं, उनके साथ काम करना मजेदार है, वह अच्छे हैं और बहुत मेहनती हैं। वह मुझसे दोगुनी मेहनत करवाते हैं। हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है।

बता दें कि फिल्म अंदाज अपना अपना को रिलीज होने पर आलोचकों द्वारा कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, यह फिल्म आज भी बॉलीवुड की सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म दो सोने के दलालों की कहानी है जो एक अमीर उत्तराधिकारी को लुभाने की कोशिश करते हैं ताकि उसके पिता की संपत्ति पर कब्जा कर सकें। उन्हें जल्द ही पता चलता है कि उत्तराधिकारी ने अपनी सचिव के साथ पहचान बदल ली है। तब तक, एक दलाल वास्तव में उत्तराधिकारी से प्यार करने लगता है, जबकि दूसरा दलाल सचिव से प्यार करने लगता है। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और रवीना टंडन भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। फिल्म के कई डायलॉग जैसे तेजा मैं हूं। मार्क इधर है, क्राइम मास्टर गोगो, मोगैम्बो का भतीजा और दो दोस्त एक कप में चाय पिएंगे बहुत लोकप्रिय हैं।

यह फिल्म अपनी कॉमिक टाइमिंग, शानदार अभिनय और गानों के लिए जानी जाती है। दिलचस्प बात यह है कि रवीना ने एक बार खुलासा किया था कि फिल्म के सेट पर चारों मुख्य कलाकारों के बीच तालमेल ठीक नहीं था। सलमान का यह नया वीडियो उस बयान से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करता है। हालांकि, यह फिल्म लगभग तीन दशकों पहले रिलीज़ हुई थी।



# महेश बाबू ने बढ़ाया मदद का हाथ

**आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बारिश-बाढ़ से तबाही, दान किए 50-50**

**आंध्र** प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ और बारिश का कहर जारी है। इस बीच कई सितारों ने मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। अब महेश बाबू ने दोनों राज्यों में 50-50 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। उनसे पहले जूनियर एनटीआर ने भी 1 करोड़ दान किए हैं। महेश बाबू ने दान किए 50-50 लाख रुपये आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से हर तरफ भयावह मंजर है। पूरे शहर में तबाही मची हुई है। आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसे में साउथ के कई जाने-माने सितारे मदद के लिए आगे आए हैं। इस लिस्ट में अब महेश बाबू का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि उन्होंने पीड़ितों के लिए 50-50 लाख रुपये का योगदान किया है। मंगलवार को उन्होंने लिखा, दोनों तेलुगु राज्यों में आई बाढ़ को देखते हुए, मैं आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 50-50 लाख रुपये दान करने का संकल्प लेता हूं।

# रिश्ता टूटने के बाद दलजीत के निशाने पर आई पूर्व पति की गर्लफ्रेंड



**अभिनेत्री** दलजीत कौर और निखिल पटेल का विवाद किसी से छिपा नहीं है। दलजीत और निखिल की शादी में दरार आ गई है। अभिनेत्री ने अलग हुए पति निखिल पर बेवफाई का आरोप लगाया है और कई मौकों पर उनकी आलोचना भी की है। वहीं, दूसरी ओर निखिल ने अभिनेत्री के साथ अपनी शादी को मानने से इनकार कर दिया है और इसे केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम बताया है। दोनों लगातार एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं और सुर्खियों में बने हुए हैं। बता दें कि दलजीत और निखिल ने पिछले साल मुंबई में शादी की थी और इस साल की शुरुआत में अभिनेत्री बेटे जेडन के साथ मुंबई लौट आई हैं।

इस बीच दलजीत ने अपना खुद का यूट्यूब चैनल शुरू किया है। इसी सिलसिले में वह अपने प्रशंसकों से जुड़ने के लिए इंस्टाग्राम पर लाइव आईं और बातचीत की। इस बातचीत में एक सवाल के जवाब में अभिनेत्री ने निखिल की कथित गर्लफ्रेंड पर निशाना साधा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अलग हुए पति निखिल पटेल की कथित गर्लफ्रेंड सफीना नजर की आलोचना की। एक प्रशंसक के सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मेरे मन में दो सवाल हैं। पहला यह कि अगर वह आज जो कुछ भी कर रहे हैं, उससे पहले से ही खुश थे, तो उन्होंने मुझसे शादी क्यों की?

शायद, तब उन्हें इस तरह की पब्लिसिटी नहीं मिलती। दूसरा, जो लोग बोलते हैं न के एक लड़की ही लड़की की जिंदगी बर्बाद करती है, सही बोलते हैं। मैं उसे दोष नहीं दे रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे उसे दोष देना चाहिए।

# सपना चौधरी अपनी बायोपिक में नहीं निभाना चाहतीं खुद का रोल



**हरियाणवी** डांसर सपना चौधरी अपनी बायोपिक को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, पर वह इसमें खुद का रोल प्ले नहीं करना चाहतीं। सपना ने इसकी वजह बताई। साथ ही बताया कि इस फिल्म को लेकर वह और महेश भट्ट किस तरह तैयार हुए।

फिल्ममेकर महेश भट्ट मशहूर हरियाणवी डांसर सपना चौधरी पर बायोपिक बना रहे हैं। यह बात सामने आने के बाद से फैंस के बीच खुशी का माहौल है। साथ ही वो जानना चाहते हैं कि फिल्म में सपना चौधरी का किरदार कौन निभाएगा। सपना चौधरी ने हाल ही खुद इस बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह बायोपिक में खुद ही अपना रोल नहीं करना चाहेंगी। डांसर और एक्ट्रेस ने इसकी वजह भी बताई।

सपना ने बताया कि जब वह फिल्ममेकर्स महेश भट्ट और विनय भारद्वाज से मिलीं तो उन्हें प्रोजेक्ट के साथ एक मजबूत जुड़ाव महसूस हुआ। उन्होंने महेश भट्ट और विनय भारद्वाज की इस बात के लिए तारीफ की कि उन्हें उनकी कहानी और फिल्म के विजन की अच्छी समझ है।

## अपनी बायोपिक पर यह बोलीं सपना चौधरी

हालांकि, सपना चौधरी ने कहा कि वह खुद का रोल प्ले नहीं करना चाहेंगी। इस बारे में वह बोलीं, अच्छा लग रहा है कि मेरी लाइफ पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। हालांकि, जब मैं महेश भट्ट और विनय भारद्वाज से मिली तो मेरे पास अन्य प्रोडक्शन हाउस से कई प्रपोजल थे, पर मैं देख पा रही थी कि वो (महेश भट्ट और विनय भारद्वाज) मेरी कहानी को समझते हैं। वो यह भी समझते हैं कि मैं इसे किस तरह से पर्दे पर लाना चाहती हूं। मेरी जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव आए हैं। लोगों ने मुझे सिर्फ स्टेज पर ही देखा है- वो सपना, जो उसने खुद लोगों को दिखाई है।

# कबीर खान ने लीज पर लिया अजय देवगन का ऑफिस



**निर्देशक** कबीर खान ने अजय देवगन के व्यावसायिक दफ्तर को लीज पर ले लिया है। यह सौदा पांच साल के लिए हुआ है। अजय का ये दफ्तर वीरा देसाई रोड पर सिग्नेचर टावर में स्थित है।

अभिनेता अजय देवगन ने अपने व्यावसायिक दफ्तर को फिल्म निर्देशक कबीर खान को लीज पर दे दिया है। यह दफ्तर मुंबई के अंधेरी में स्थित है। स्क्वायर यार्ड्स के मुताबिक, कबीर खान इसके लिए हर महीने सात लाख रुपये का किराया देंगे।

अजय देवगन और कबीर खान के बीच इस सौदे के लिए पट्टे और लाइसेंस का समझौता इसी महीने में हुआ है। इसके लिए 1.12 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी भी दी गई है। अजय देवगन की इस प्रॉपर्टी का आकार 3,455 वर्ग फुट है। कबीर खान ने इसे पांच साल की लीज पर लिया है और इसके लिए 30 लाख रुपये जमा कराए है।

अजय देवगन की यह प्रॉपर्टी ओशिवारा में वीरा देसाई रोड पर सिग्नेचर टावर में स्थित है। इस टावर में अजय और काजोल की कई प्रॉपर्टी हैं। इसी टावर में सारा अली खान, अमिताभ बच्चन और कार्तिक आर्यन की भी प्रॉपर्टी शामिल हैं।



साभार-एजेंसी